दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 294 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 24 नवम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

राजस्थान उपचुनाव

# भजनलाल सरकार के विकास कार्यों पर जनता ने लगाई मोहर

## पांच सीटों पर भाजपा जीती, संख्या 119 हुई
## दौसा में किरोड़ी, खींवसर में बेनीवाल को झटका





जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तमाम तरह की आशंकाओं को दूर करते हुए इतिहास रच दिया है। शनिवार को जारी हुए सात विधानसभा सीटों के परिणाम में भाजपा ने पांच सीटों पर फतह हासिल की है। यह जीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता और सरकार के कामकाज पर मोहर के रूप में मिली है। भजनलाल शर्मा ने चुनाव प्रचार में रणनीति बनाने से लेकर, बूथ मैनेजमेंट, प्रत्याशी चयन, दौरे से लेकर सभी प्लानिंग की कमान अपने पास रखी। इसका नतीजा बड़ा सार्थक रहा और पांच सीटों पर जीत मिली है। बता दें कि इस उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जीत का दंभ भर रखा था और भाजपा की पर्ची की सरकार बताकर खिल्ली उड़ाई जा रही थी मगर अब आए नतीजों ने कांग्रेस की सारी हवा और हेकड़ी निकाल दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल की सहजता, मिलनसारिता, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई, आमजन की जन सुनवाई, विकास का ट्रेलर और लोक कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने की सोच के चलते आमजन से भजनलाल के प्रति विश्वास बढ़ा। काबिले गौर है कि राजस्थान विधानसभा में बीजेपी विधायकों की संख्या बढ़कर 119 हो गई है। उपचुनाव में बीजेपी पांच सीटें जीत गई है। इनमें सलूंबर, खींवसर, झुंझुनूं, देवली-उनियारा और रामगढ़ सीट शामिल है। झुंझुनूं में बीजेपी की जीत इस मायने में भी अहम है।

क्योंकि बीजेपी यहां दशकों से चुनाव नहीं जीती थी। बीजेपी ने अखिरी बार साल 2003 में यह सीट जीती थी। इसके बाद से यह सीट कांग्रेस के टिकट पर बृजेंद्र ओला जीतते रहे। इसलिए यह यह सीट कांग्रेस और ओला परिवार का गढ़ मानी जाती थी।

अब बीजेपी के राजेंद्र भांबू ने बृजेंद्र ओला के पुत्र और कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला को 42,828 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव हरा दिया है।

खास बात यह है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में भी राजेंद्र भांबू ने यहां बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उस चुनाव में भांबू को कुल 42,407 वोट मिले थे। यानी भांबू को 2,023 में जितने वोट मिले थे, उससे ज्यादा वोटों के अंतर से उन्होंने उपचुनाव में जीत दर्ज की है।

### खींवसर में कांग्रेस-बीजेपी के मेलजोल में फंस गए हनुमान

खींवसर के नतीजे भी चौंकाने वाले रहे। हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल यहां बीजेपी के रेवतराम डांगा से चुनाव हार गए। इसकी बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि कांग्रेस के कुछ विधायकों ने यहां हनुमान को हरवाने के लिए बीजेपी में वोट शिफ्ट करवाए हैं। साल 2023 में रेवतराम को खींवसर में करीब 77 हजार वोट मिले थे। इस बार उन्होंने एक लाख आठ हजार 628 वोट लिए हैं। यानी पिछले चुनावों के मुकाबले उन्होंने करीब 41 हजार से ज्यादा वोट लिए। वहीं, उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी कनिका बेनीवाल को 92,727 वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी रतन चौधरी की यहां जमानत जब्त हो गई, उन्हें सिर्फ 5,454 वोट मिले हैं।

### देवली-उनियारा में बीजेपी को फायदा, कांग्रेस पर पड़े भारी नरेश

देवली-उनियारा सीट भी बीजेपी ने कांग्रेस से छीन ली है। यहां बीजेपी के राजेंद्र गुर्जर 41,121 वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं। हालांकि, इसकी बड़ी वजह थप्पड़ कांड के आरोपी निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा रहे। थप्पड़ कांड के बाद पूरे उनियारा में नरेश को लेकर मीणा वोटों का कंसोलिडेशन हो गया। इससे कांग्रेस के केसी मीणा नतीजों में तीसरे नंबर पर आ गए। नरेश 59,478 वोट लेकर दूसरे नंबर पर रहे।

### सलूंबर में आखिरी राउंड में हारी बीएपी

सबसे रोचक मुकाबला सलूंबर सीट पर देखने को मिला। यहां 21 राउंड तक बीएपी आगे चल रही थी। लेकिन आखिरी राउंड मे बाजी पलट गई और बीजेपी की शांता अमृतलाल मीणा 1,285 वोटों के अंतर से चुनाव जीत गई। सलूंबर एक मात्र सीट थी, जो उपचुनाव से पहले बीजेपी के पास थी।

### दौसा में किरोड़ीलाल मीणा को मिला भितरघात, भाई चुनाव हारे

दौसा में मैच फिक्स तो हुआ, लेकिन कांग्रेस के डीडी बैरवा के पक्ष में। बीजेपी के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा दौसा उपचुनाव हार गए। हारने के साथ ही जगमोहन ने बयान दिया, जब अपने ही बेवफा हो जाएं तो कोई क्या करे। डीडी बैरवा ने 2,300 वोटों के अंतर से जगमोहन को चुनाव हरा दिया।

### रामगढ़ में भी दिखी कांटे की टक्कर, बीजेपी के सुखवंत जीते

रामगढ़ सीट पर भी बार-बार समीकरण बदलते रहे। शुरुआत में कांग्रेस के आर्यन जुबेर 10 हजार वोटों तक की लीड़ ले गए थे। इसके बाद बीजेपी के सुखवंत ने वापसी की और राउंड पूरे होते-होते सुखवंत ने 13,614 वोटों से मुकाबला जीत लिया

## भाजपा की प्रचंड जीत से विकास पर लगी मोहर: भजनलाल

### कांग्रेस की झूठ और भ्रम की राजनीति को वोट से मिला जवाब



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत को ऐतिहासिक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। शर्मा ने कहा कि इस जीत से देश के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और हमारी सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत भाजपा के कर्मठ कार्यकताओं के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनावों में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों व 11 महीने में भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हुए विकास कार्यों को मतदाताओं तक पहुंचाने का प्रयास किया। इसी का परिणाम है कि इस उपचुनाव में भाजपा को 2023 के विधानसभा चुनावों में मिले वोटों से 15 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प के अनुसार समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं जबकि कांग्रेस व अन्य दल चुनावों में झूठ और भ्रम फैलाते हैं। ऐसी राजनीति को जनता ने अपने वोट से जवाब दिया है।शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। और इस एतिहासिक जीत ने हमारे इस इरादे को और भी मजबूत किया है।

महाराष्ट्र, झारखंड में भी भाजपा बेहतर

13 राज्यों के 48 विधानसभा उपचुनावों में

# भाजपा का डंका, कांग्रेस की निकली हवा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(कासं)। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ ही 13 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हुआ। भारतीय जनता पार्टी को 20 सीटों पर जीत मिल चुकी है। कांग्रेस को सात सीटों पर अपना कब्जा जमा चुकी है। उत्तर प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की। पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। इनमें से तीन पर आम आदमी पार्टी ने फतेह हासिल की। तृणमूल कांग्रेस ने छह सीटों पर चुनाव जीता है। अगर एनडीए की बात करें तो गठबंधन को कुल 25 सीटों पर कामयाबी मिली है। वहीं इंडिया को 16 सीटों पर कामयाबी मिली।

### उत्तर प्रदेश उपचुनाव

उत्तर प्रदेश की कुल 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। इनमें से छह पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। दो सीटों पर समाजवादी पार्टी और एक पर भाजपा की सहयोगी रालोद ने कब्जा जमाया है।

### पश्चिम बंगाल उपचुनाव

पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। सभी सीटों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। सिताई से संगीता रॉय, मदारीहाट से जयप्रकाश तोप्पो, नईहटी से सनत डे, हरोआ से शेख रबिउल इस्लाम, मेदनीपुर से सुजॉय हजरा और तालनदगरा से फाल्गुनी सिंहबाबू ने चुनाव जीता है।

### पंजाब उपचुनाव

पंजाब की कुल चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम आ चुके हैं। तीन सीटों पर आम आदमी पार्टी (AAP) और एक सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। कांग्रेस ने बरनाला विधानसभा सीट आप से छीन ली है। यहां से पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों ने फतेह हासिल की है।

### राजस्थान उपचुनाव

राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। यहां भाजपा ने पांच सीटों पर कब्जा जमाया है। एक सीट दौसा पर कांग्रेस आगे है। चौरासी विधानसभा सीट पर भारत आदिवासी पार्टी के अनिल कुमार कटारा ने जीत दर्ज की।

### असम उपचुनाव

असम की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा को तीन सीटों पर कामयाबी मिली। सिड़ली सीट पर युनाइटेड पीपुल्स पार्टी ( लिबरल) के निर्मल कुमार ब्रह्म जीते हैं। बोंगईगांव से असम गण परिषद की दीप्तीमाई चौधरी ने जीत हासिल की।

### बिहार उपचुनाव

बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। चारों सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की। दो सीटों पर भाजपा और एक-एक सीट पर हम व जेडीयू ने अपना कब्जा जमाया है।

### कर्नाटक उपचुनाव

कर्नाटक की तीनों उपचुनाव वाली सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। शिवगांव से यासिर पठान, संदूर से ई. अन्नापूर्णा और चन्नापटना से सीपी योगेश्वर ने जीत हासिल की है। मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों में से भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की। विजयपुर से कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा और बुधनी से भाजपा के रमाकांत भार्गव ने जीत हासिल की। गुजरात की वाव विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से सीट छीन ली है। यहां भाजपा के स्वरूप ठाकोर ने जीत दर्ज की। छत्तीसगढ़ की रायपुर नगर दक्षिण सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी सुनील कुमार सोनी ने विजयी पताका फहराया है। केरल की दो सीटों में से एक पर कांग्रेस और एक पर माकपा ने जीत दर्ज की। मेघायल की एक सीट पर हुए उपचुनाव में नेशनल पीपुल्स पार्टी ने सफलता प्राप्त की। सिक्किम की दोनों सीटों पर सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने कब्जा जमाया है।

# सतीश के काम से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गदगद

- डॉ. सतीश पूनिया ने हरियाणा का माइक्रो मैनेजमेंट राजस्थान में अपनाया, चार सीटों पर काम आया
- भाजपा की जीत में पूनिया की रणनीति की रही अहम भूमिका



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं)। सतीश पूनिया वर्तमान समय की राजनीति में एक विलेन बनकर उभरे हैं। न केवल उन्होंने हरियाणा में सरकार रिपीट करा दी, बल्कि हारी हुई सी बाजी पलट दी। उन्होंने इस दौरान माइक्रो मैनेजमेंट अपनाया। वहां सफलता मिली तो पूनिया को आभास हो गया कि इस बार राजस्थान में भी इसको अपनाया जा सकता है। पुनिया ने यही किया तो नतीजा सबके सामने है, चार सीटों पर उप चुनाव में प्रचार किया और चारों सीटों पर भाजपा को जीत मिली। ओबीसी, किसान और जाट बाहुल्य सीटों पर सतीश पूनियां के चुनाव प्रचार करने से यह सभी वर्ग राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 की तरह भाजपा के समर्थन में आ गए। भाजपा की शानदार जीत यह दर्शाती है कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकारों पर अपना पूरा भरोसा जताया है। उपचुनाव में भाजपा प्रदेश नेतृत्व व स्थानीय नेतृत्व की मांग पर सतीश पूनियां ने झुंझुनूं, खींवसर रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया था, जहां भाजपा को शानदार जीत मिली है। इधर भाजपा हरियाणा प्रभारी व राजस्थान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान, महाराष्ट्र सहित तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की शानदार जीत यह दर्शाती है कि जनता ने भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकारों पर अपना पूरा भरोसा जताया है। जनता ने कांग्रेस और उसके गठबंधन को उनकी धराशायी हो चुकी जमीन की स्थिति का आईना दिखा दिया है। भाजपा की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जनता को विकास, सुशासन और स्थिरता पर भरोसा है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की राजनीति को जनता ने नकार दिया है। बता दें कि भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार 4 महीने तक हरियाणा प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए चुनाव प्रबंधन से लेकर संगठन की मजबूती के लिए रणनीति पर काम किया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से हरियाणा, राजस्थान सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ, हरियाणा चुनाव संपन्न होने के बाद सतीश पूनियां के राजस्थान लौटते ही राजस्थान उपचुनाव में भाजपा प्रदेश नेतृत्व व स्थानीय नेतृत्व की मांग पर सतीश पूनियां ने झुंझुनूं, खींवसर, रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया था, इन सभी सीटों पर भी सतीश पूनियां ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तरह माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए चुनाव प्रचार और चुनाव प्रबंधन की रणनीति पर काम किया था, जहां भाजपा को शानदार जीत मिली है। हरियाणा विजय के सूत्रधार संगठन प्रभारी सतीश पूनियाँ ने राजस्थान उपचुनावों में जहाँ जहाँ प्रचार किया वहाँ वहाँ भारतीय जनता पार्टी को विजय हासिल हुई है, विशेषकर ओबीसी, किसान और जाट बाहुल्य इन सीटों पर सतीश पूनियां के चुनाव प्रचार करने से यह सभी वर्ग राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 की तरह भाजपा के समर्थन में आ गये, ठीक उसी तरह जब सतीश पूनियां ने सवा तीन साल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए राजस्थान में संगठन की मजबूती से लेकर तमाम जनहित के आंदोलनों के जरिए पार्टी को प्रदेश में 53 हजार बूथों पर बूथ, पन्ना इकाइयों तक खड़ा किया और भाजपा की राजस्थान में सरकार बनाने में सतीश पूनियां की कुशल संगठन कार्यशैली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस बार

पूनियाँ ने झुंझुनूं, देवली-उनियारा, रामगढ़, खींवसर में सघन प्रचार किया था और उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिला था और भाजपा को इन सीटों पर प्रचंड जीत मिली है। हरियाणा विजय के बाद भाजपा राजस्थान अध्यक्ष मदन राठौर ने सतीश पूनियां से मिलकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फ़ोन पर बात करके उपचुनावों में समय देने का आग्रह किया था, संगठन सर्वोपरि को लक्ष्य मानकर सतीश पूनियाँ बिना विलंब किये इन चार सीटों पर चुनाव प्रचार में जुट गए, जहां भाजपा के पक्ष में सकारात्मक नतीजे आए हैं।

सतीश पूनियां का हरियाणा विजय का इफेक्ट और उसके बाद राजस्थान की चारों सीटों पर सघन प्रचार और इन क्षेत्रों की छोटी टीम को माइक्रो मैनेजमेंट टिप्स कारगर रहे। पूनियाँ भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर इन क्षेत्रों में प्रचार में उतरे थे, जहां उन्होंने पूरे दमखम से चुनाव प्रचार किया था और भाजपा को इन किसान बाहुल्य क्षेत्रों में ऐतिहासिक जीत मिली है।

CMYK

# मेवात जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
24 नवंबर, 2024




## रामगढ़ उपचुनाव में भाजपा के सुखवंत सिंह जीते

जयपुर टाइम्स

**अलवर।(निस.)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के परिणाम शुक्रवार को आए यहाँ कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला था जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने अपने निकटतम कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आर्यन जुबेर को 13636 मतों से पराजित किया वही बताया कि इस दौरान कुल वैध मत 206094 पड़े वही 78 मत निरस्त हुए और नोटा को 798 मत मिले।

## बलाई विकास समिति जयपुर के चुनाव आज, किसके सिर पर होगा ताज

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस.)।** शहर के मोरीजा रोड़, बी-2, गुलाब विहार कॉलोनी में स्थित बलाई समाज सभा-भवन में रविवार को बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के द्विवार्षिक चुनाव होगें। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र मोरदिया व सहायक चुनाव अधिकारी गजानंद परिहार ने बताया कि सभी अध्यक्ष पद के 4 प्रत्याशियों के एजेंट सुबह 8.30 बजे बलाई समाज सभा-भवन में पहुंच जाए। इसके पश्चात सुबह 9ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक मतदान होगा एवं दोपहर 3ः30 बजे से मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी मोरदिया ने बताया कि 17 नवंबर को नामांकन के दिन सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया महासचिव व घनश्याम कान्देल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। सभी विजेताओं को मुख्य चुनाव अधिकारियों द्वारा शपथ दिलाई जाएगी।

## जलधरा योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**बस्सी(निस.)** उपखण्ड क्षेत्र के पंचायत समिति भवन में एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा ॥स्न परियोजना के अंतर्गत जल और जमीन संरक्षण परियोजना का अयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में संस्था के ग्रामीण विकास विशेषज्ञ श्यामेन्द्र पाल सिंह ने जल और जमीन संरक्षण, ग्राम जल बजट , कम पानी में उत्पादित होने वाली किस्मों का चयन आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला में ब्लॉक विकास अधिकारी समीक्षा वर्मा ने कृषि में जैविक खेती को नवाचार के रूप में अपनाने के लिए सम्बोधित किया। सहायक कृषि अधिकारी (सस्य विज्ञान) मुरारीलाल मीना ने कृषि से संबंधित विभिन्न योजना के बारे में बताया तथा सहायक कृषि अधिकारी (बागवानी) रवि कुमार मीना ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओ के बारे मे चर्चा की। सहायक कृषि अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मीना ने जैविक खेती का महत्व, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर दिया। टीकाराम शर्मा ने फसल अमृत( हाइड्रोजेल) का फसलों में उपयोग विधि और इसका जल बचत में महत्व को लेकर विस्तार से समझा गया। इस कार्यशाला में ब्लॉक समन्वयक (बस्सी) दीक्षा चौहान के साथ जल सखी, विमला शर्मा, प्रियंका चौधरी ओर जल मित्र राकेश कुमार मीना, रमेश गोदारा आदि उपस्थित रहें। साथ ही कार्यशाला में कृषक मित्र, किसान, किसान महिलाएं और अधिकारी गण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन हुकम सिंह (ब्लॉक समन्वयक, तुंगा) ने किया । कार्यशाला के समापन में दीक्षा



चौहान ने समस्त अधिकारी गण और किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 30 वर्ष पुराने रास्ते को प्रशासन ने खुलवाया

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस.)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरड़ोती में जिला कलेक्टर जयपुर ग्रामीण के निर्देश अनुसार रास्ता खोलो अभियान के तहत प्राप्त निर्देशों की पालना में तहसीलदार कृष्णा शर्मा की ओर से ग्राम पंचायत बरडोटी के लालचंद के खेत से होते नाथू लाल के खेत तक के रास्ते को प्रशासन ने खुलवाया।

यह रास्ता करीब 30 साल से बंद था और अब रास्ता खुलवाने से ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा। इस मौके पर पुलिस जाप्ता सहित सरपंच मूलचंद गुर्जर, पटवारी नेमीचंद कुमावत, बबीता वर्मा, कोमल सैनी, गिरदावर विक्रम सिंह ,छीतर सिंह, श्याम सुन्दर यादव, राजेश वर्मा सहित प्रशासन की मौजूदगी रही।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

# विकास पर ध्यान है भाजपा की जीत का राज़ - डॉ जसवंत यादव

जयपुर टाइम्स

**बहरोड(निस.)।** विधायक डॉ जसवंत यादव ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 एवं 35 में स्थित सेसाड़ा मोक्ष धाम में इंटरलॉकिंग पाथवे प्रोटक्शन वॉल के निर्माण व सिंगल फेज बोरिंग के कार्य का शिलान्यास किया। वे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

इसके उपरांत उन्होंने सेसाडा जोहड़ नगर परिषद बहरोड़ के नवीनीकरण के समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि क्षेत्र का निरंतर विकास होता रहे और जनता की सारी ज़रूरतें पूरी हों, इसके लिए भाजपा सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

इस प्रोटक्शन वॉल के निर्माण व सिंगल फेज बोरिंग से जनता को मिल रही आधारभूत सुविधाओं में इज़ाफ़ा होगा। इसके उपरांत वे भारतीय जनता पार्टी के बहरोड व बर्डोद मंडल जिला अलवर (उत्तर) कार्यशाला द्वारा आयोजित संगठन पर्व 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में गए जहाँ भाजपा की सक्रिय सदस्यता



बढ़ाने और संगठन को मजबूत बनाने के ऊपर विस्तृत चर्चा पार्टी पदाधिकारियों द्वारा हुईद्ध इस अवसर पर बोलते हुए डॉ यादव ने कहा की विकास पर ध्यान भाजपा की जीत का राज़ है। महाराष्ट्र में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। डॉ यादव द्वारा नारनौल रोड, बहरोड़ में स्थित विधायक कार्यालय में जनसुनवाई भी की गई। जहाँ जनता की परेशानियों के मद्देनज़र विभिन्न विभागों और अफसरों को ज़रूरी निर्देश दिए गए।

इस दौरान उनके साथ बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि बहरोड, शिवचरण गुरूजी, रोधश्याम बोहरा मंडल अध्यक्ष, संजय मीर मंडल अध्यक्ष सीताराम चैयरमेन, कमल यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मनोज यादव, गौरीशंकर, राजेन्द्र, संजय शर्मा पार्षद, देवेन्द्र पूर्व पार्षद, संदीप मुन्ना, सुभाष यादव ढुंढारिया, नेरन्द्र यादव ढुंढारिया, कर्मवीर यादव, अनिल बोहरा, जे.डी. गुप्ता व भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चोरों के हौसले बुलंद.....

## देर रात गुढ़ा फालियावास गांव में चोरी , लाखों के जेवरात पार



जयपुर टाइम्स

**बस्सी.(निस.)**शादियों का सीजन शुरू होते ही चोरों की गैंग भी सक्रिय हो गई है। सावों की धूम धड़ाके और लोगों के घरों से बाहर रहने का फायदा उठाते हुए चोरी की घटनाओं को जमकर अंजाम दे रहे हैं। शुक्रवार की रात लगभग 1 से 2ः00 बजे के आसपास चोरों ने कानोता थाना क्षेत्र के गुढ़ा फालियावास गांव के कई मकानों के ताले तोड़ दिए। गुढ़ा फालियावास निवासी मंगल चन्द मीणा पुत्र स्व. बाबूलाल मीणा ने थानाधिकारी को लिखित में शिकायत दर्ज कराई और बताया कि मैं रोजाना की तरह अपने खेत पर गया हुआ था। घर पर मेरे अन्य परिवार वाले सो रहे थे। रात को मेरे परिवार वाले अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात करीब 1 बजे मेरा भाई सरदार मीणा पानी पीने के लिए उठा तो उसे मकान के पास किसी के होने की संभावना हुई। तो मेरा भाई और हमारे पडोसी सचिन मीणा और धर्मसिंह को लेकर उनका पीछा किया मगर वे दोनों मेरे भाई और उसके साथियों के हाथ नहीं लगे। करीब डेढ़ - दो घंटे तलाश करने के बाद वे सभी वापस अपने-अपने घर चले गये। जब मेरा भाई घर पर आया तो देखा कि हमारे परिवार वालों के सभी के कमरे बाहर से बंद थे तथा मेरे कमरे का ताला टूटा हुआ था । मेरे कमरे में सामान बिखरा पडा था। उसके बाद मेरे भाई ने मेरे परिवार वालों को जगाया और मुझे फोन कर घर पर बुलाया तो मैं मौके पर आया और मैने कमरे में जाकर देखा तो मेरी आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और आलमारी का सामान भी बिखरा पडा था। जब मैने चैक किया तो पता चला कि चोर मेरे घर से एक सोने का टीका, एक जोडी सोने के टोपिस, एक जंतर सोने का, 1.3 किलोग्राम चांदी की पायजेब, करणकती आदि चोरी कर ले गये। उसके बाद मैने 100 नम्बर पर फोन कर उक्त चोरी की सूचना दी जिस पर पीसीआर मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया । चोरों ने कई घरों के ताले तोड़े जिसमें मेरा ढाई से 3 लाख रुपए का जेवर ले गए और पास की ढाणी से जगदीश पुत्र स्वर्गीय गोपाल शर्मा का मोबाइल उठा ले गए। चोरी की सूचना गांव में फैलते ही सुबह मालूम चला पास की बागड़ों की ढाणी से एक मोटरसाइकिल और मंदिर में रखे दान पत्र से नकदी चोरी कर ले गए। और जाते समय बाहर टंगी मिली कई मोटरसाइकिल और गाड़ियों की चाबियां ले गए ताकि जाग होने पर लोग उनका पीछा नहीं कर सके। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## मत्स्य उत्सव में आयोजित होगी नगर वन तक साइकिल रैली

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष दिनाक 25 नवम्बर से 27 नवंबर तक तीन दिवसीय मत्स्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है । अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वितीय योगेश डांगुर ने बताया कि ग्रीन अलवर, ईको टूरिज्म और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 27 नवंबर को सुबह 7.30 बजे पुरजन विहार से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह अशोक सर्कल, स्ब्ब्छ सर्कल, मोती डूंगरी, प्रताप ऑडिटोरियम से भवानी तोप होते हुए नगर वन पहुंचेगी। इसमें खेल विभाग के निर्देशन में जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के साथ शहर के प्रमुख साइक्लिंग ग्रुप अलवर पैडल, मत्स्य रेनडानियर, अलवर साइक्लिंग क्लब जुड़ेंगे।

**मत्स्य उत्सव में टूर ऑपरेटर भी होंगे शामिल**

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से जयपुर/राजस्थान क्षेत्र के पर्यटन हितधारकों के लिए मत्स्य उत्सव के दौरान 25 से 26 नवंबर, 2024 तक यात्रा कार्यक्रम आयोजन कर रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देशन में इस वर्ष मत्स्य उत्सव को व्यापक रूप से प्रचारित कर विभिन्न विभागों को जोड़ा गया है।

राजस्थान पर्यटन विभाग की टीना यादव, सहायक निदेशक और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के मोहिंदर डोरिया पर्यटक सूचना अधिकारी यात्रा कायक्रम का समन्वय कर रहे हैं। इस फेम टूर में अलवर-सरिस्का होटल एसोसिएशन का भी सहयोग रहेगा। इसका उद्देश्य अलवर की लोककला संस्कृति, इको-टूरिज्म, जिम्मेदार पर्यटन और सतत पर्यटन विकास को बढ़ावा देना, हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाना और पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास और क्षेत्र में बी2बी बैठकों द्वारा पर्यटन प्रवाह को बढ़ाना है। जयपुर के 10 टूर ऑपरेटरों/स्थानीय पर्यटन हितधारकों के अलावा, पर्यटन मंत्रालय के 02 अधिकारी भी अलवर में मत्स्य उत्सव कार्यक्रमों और अन्य स्थानीय दर्शनीय स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे और आसपास के पर्यटन संभावित स्थलों का दौरा करेंगे।

## राजस्थान उपचुनाव व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर विधायक हंसराज पटेल ने दी प्रतिक्रिया

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)।** राजस्थान विधानसभा उप चुनाव में 07 में से 05 विधानसभा सीटों क्रमशः झुन्झुनु, खींवसर, देवली-उनियारा, सलुम्बर व रामगढ़ में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा-महायुति गठबंधन की सरकार बनने पर प्रतिक्रिया देते हुये विधायक हंसराज पटेल ने इसे पीएम नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत बताया है। पटेल ने कहा कि राजस्थान में पीएम मोदी के नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं व देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। राजस्थान विधानसभा के इतिहास में पहली बार उप चुनाव के दौरान किसी सत्ता रूढ़ दल को सबसे ज्यादा सीटें मिली है,



जो इस बात का प्रमाण है कि विगत 11 माह के कार्यकाल में राजस्थान में डबल इंजन की सरकार ने जो विकास के ऐतिहासिक कार्य किये है, उन पर जनता ने मोहर लगाकर कांग्रेस को वोट की चोट से करारा जवाब देते हुये भाजपा को अपार समर्थन देते हुये अपना विश्वास जताया है। यह पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन, दुरदर्शी नेतृत्व व डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के संकल्प के प्रति नागरिकों के अटुट विश्वास का प्रतीक है।

## जरूरतमंद 38 लोगो के निःशुल्क मोतियाबिन्द के हुए सफल ऑपरेशन

### लायंस क्लब अलवर की पहल पर लायंस हॉस्पिटल में हुए ऑपरेशन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** लायंस क्लब अलवर द्वारा संचालित लायंस हॉस्पिटल, मूंगसका अलवर द्वारा हाल ही अक्टूबर माह में निःशुल्क नेत्र रोग शिविर लगाये गए सभी मरीजो को ओ.पी.डी. में देखकर निःशुल्क दवा वितरित की गयी। वही शिविर में चिन्हित मरीजो को मोतियाबिन्द के निःशुल्क ऑपरेशन हेतु अलग अलग को मरीजो की सुविधानुसार बुलाकर पुर्णतः निःशुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन किये गए। लायंस हास्पिटल मूंगसका अलवर के अध्यक्ष बी.एन.थरेजा व सचिव ओमप्रकाश खण्डेलवाल ने बताया कि लायंस क्लब अलवर द्वारा अक्टूबर माह में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रियंका गुप्ता द्वारा लायंस हॉस्पिटल में कुल 38 जरूरतमंद लोगों के निःशुल्क आंखों के ऑपरेशन भामाशाहों व लायन्स सदस्यों के आर्थिक सहयोग से किये गये। शनिवार को लायंस हॉस्पिटल में लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 %सांवरिया' के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने सभी मरीजो को छुट्टी के वक्त लायंस हॉस्पिटल द्वारा दी गयी दवा, चश्मा एवं पुष्प देकर सभी मरीजो के अच्छे एवं सफल ऑपरेशन होने की बधाई दी। इसके साथ ही डॉ. प्रियंका गुप्ता ने ऑपरेशन पश्चात् रखने वाली सावधानियो से मरीजो एवं उनके परिजनों को अवगत करवाया।

अध्यक्ष बी.एन.थरेजा व सचिव ओमप्रकाश खण्डेलवाल ने बताया कि यह हॉस्पिटल लायन्स क्लब अलवर के अन्तर्गत संचालित है। पदाधिकारियों ने इस मौके पर अन्य सेवा कार्यो की चर्चा भी करी जिसमे सभी ने अपनी सहमती एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान रीजन 2 %सांवरिया' के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता लायन्स क्लब अलवर के अध्यक्ष लायन रविन्द्र गर्ग, सचिव जी एल गुप्ता, लायन इंजीनियर सुभाष जोशी, लायन मानक चंद गुप्ता, लायन सुरेश गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, सुरेश गोयल, अमित खण्डेलवाल आदि मौजूद थे।

### राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट -2024

# जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निस.)।** जिला कलक्टर किशोर कुमार ने शनिवार को भिवाड़ी रीको गेस्ट हाउस में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट - 2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में अभी तक जिले में 13 हजार 85 करोड़ रुपए के 228 एमओयू प्रस्तावित किए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम पर होंडा कंपनी में 24 नवंबर को राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी एमओयू किए जा रहे हैं। जिले में किए गए एमओयू में सभी सेक्टर को टच करने का प्रयास किया गया है। जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए देसी/विदेशी निवेशकों को प्रेरित करने के लिए प्रयास किए गए हैं।




### 228 एमओयू किये गए,13085 करोड़ का निवेश प्रस्तावित

उद्योग कम्पनीयो के साथ अभी तक 228 एमओयु किये गये है। जिनमे 13 हजार 85 करोड़ रूपये का निवेश होगा तथा 48260 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा तथा 20000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यह प्रक्रिया अभी जारी है लगभग 15000 करोड़ के निवेश संभावित है। ऑटो मोबाईल इन्जिनियरिगं क्षेत्र में 37 उद्योगो मे 1286 करोड रूपये निवेश तथा 3368 व्यक्तियों को रोजगार एवं आईटी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडस्ट्रियल, पार्क, फर्नीचर, टूरिज्म, वेयरहाउस, प्लास्टिक, रियल स्टेट, रिन्यूएबल एनर्जी, फुटवियर, टेक्सटाइल, पैकेजिंग, केमिकल, स्पोर्ट, ई-वेस्ट आदि प्रमुख क्षेत्र सामिल है। जिला कलक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 के तहत किए जाने वाले सभी एमओयू को शत प्रतिशत जिले के धरातल पर उतारकर औद्योगिक प्रगति को और अधिक बढ़ाने के प्रयास रहेंगे। उन्होंने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के मुख्य बिंदुओं जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि इस समिट के मुख्य अथिति केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, आई.ए.एस. प्रभारी सचिव इंद्रजीत सिहं, विधायक महंत बालक नाथ, विधायक दीपचंद खेरिया, विधायक ललित यादव अतिथि होगें।



## आमसभा में महात्मा मोहनदास बाबा की 49वीं पुण्यतिथि पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स


**अलवर(निस.)।** महात्मा मोहनदास सेवा समिति अलवर की शनिवार को आमसभा सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण मनुमार्ग अलवर में दोपहर को एक आमसभा आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता सुरेश चन्द तेनगरिया (खरादी) ने की। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष भौरेलाल सैनी ने बताया कि आमसभा में आगामी 13 जनवरी 2025 को महात्मा मोहनदास सेवा समिति के तत्वावधान में महात्मा मोहनदास बाबा की ''49वीं पुण्यतिथि'' मनाने पर चर्चा की गई तथा पुण्यतिथि को भव्य व धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें समाज की सभी संस्थाएं व गणमान्य लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे।आमसभा में पार्षद विजय सैनी, कैलाश सैनी, सीताराम सैनी, नवल सैनी खरादी, प्रेमनारायण सैनी, दिनेश सैनी फुले बिग्रेड, महेश प्रधान उमरैण, प्रेम कोलावत, निरंजन टेलर रामपाल सैनी, डॉ. संदीप सैनी, पूर्व पार्षद रमन सैनी, पार्षद फूलचन्द सैनी, किशोर सैनी, दौलत सैनी, किशन सैनी, विकास बबेरवाल, राजेन्द्र सैनी, महेन्द्र सैनी, बाबूलाल सैनी, झम्मनलाल सैनी, हुकमा राम सैनी, रूपकिशोर सैनी, सुरेश खुराडिया, लवनीश सैनी मौजूद रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
24 नवंबर, 2024

## शक्ति हेल्पिंग हैंड एवं शक्ति फिल्म प्रोडक्शन भारत मानव सेवा योद्धा सम्मान से सम्मानित करेगी प्रतिभाओं को

जयपुर टाइम्स



**जमवारामगढ़/जयपुर।** शक्ति हेल्पिंग हैंड एवं शक्ति फिल्म प्रोडक्शन संयुक्त रूप के सौजन्य से फाउंडर अंबालिका शास्त्री द्वारा भारत देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य कर रही प्रतिभाओं को भारत मानव सेवा योद्धा सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। अंबालिका शास्त्री ने बताया कि समय-समय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस हेतु योग्य एवं इच्छुक प्रतिभाएं अपना बायोडाटा भिजवा सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए फाउंडर अंबालिका शास्त्री से संपर्क कर सकते हैं।



## कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों का किया गया भौतिक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** । जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में बाड़ी में मैसर्स आर ग्रुप ऑफ ऐजेन्सी, मैसर्स कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र, मैसर्स सोहम खाद बीज भण्डार, मैसर्स मंगल ट्रेडिंग एजेन्सी, मैसर्स जय श्रीश्याम ट्रेडर्स, मैसर्स किसान एंटरप्राईजेज फर्मो का उर्वरक निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा पोस मशीन व स्टॉक रजिस्टर का गोदाम के स्टॉक के साथ मिलान किया गया। उर्वरक निरीक्षक द्वारा बाड़ी के समस्त आदान विक्रेताओं को निर्धारित दर पर आदान विक्रय करने के निर्देश दिये गये एवं कृषकों को सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि गेहूँ तथा अन्य फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। जिले में डी.ए.पी. की उपलब्धता कम है। कृषकां को फसल बुवाई हेतु डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट एवं एन.पी.के. उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी गई।

## दो ट्रेलरों में हुई भिड़ंत, स्कूल जा रहे शिक्षक को चपेट में लिया

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)**।भाबरू ढाणी गैसकान में नेशनल हाईवे 48 पर शनिवार को दो वाहनों में टक्कर हो गई दुर्घटना में दोनों वाहन हाईवे पर पलट गए । वाहन दुर्घटना में स्कूल जा रहा शिक्षक चपेट में आने से घायल हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को कस्बे में नेशनल हाईवे 48 पर सुबह के लगभग 10ः00 बजे दिल्ली से जयपुर जा रहे एक ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहन दुर्घटना में बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों



और हाईवे की सर्विस रोड पर पलट गए।दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि दोनों वाहनों की बॉडी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए।दुर्घटना के दौरान एक शिक्षक सर्विस रोड से आतेला स्कूल में जा रहा था दुर्घटना की चपेट में आने से शिक्षक घायल हो गया और उसका एक पैर बुरी तरीके से कुचल गया। थाना प्रभारी रविंद्र चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों से दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घायलों को एंबुलेंस की सहायता से शाहपुरा के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

## अज्ञात कारणों से कड़बी के ढेर में लगी आग, करीब 300 मण जलकर हुई खाक

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस.)**। कस्बे के निकटवर्ती बागावास चौरासी में अज्ञात कारणों से खेतों में फसलों की कड़बी की दो छ्वरें में आग लग गई, सुचना मिलने पर शाहपुरा नगर परिषद से दमकल मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया, घटना बागावास चौरासी में शनिवार सुबह 9.30 बजे की है, पीड़ित हरिसिंह शेखावत ने बताया कि



उनके खेतों में फसल की कडबी के दो छ्वरें में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी, जिसके बाद दमकल से आग पर काबू पाया, आगजानी में करीब 300 मण कड़बी जलकर खाक हो गई।आग लगने कि सुचना पर ग्राम पंचायत सरपंच चौथी देवी,पटवारी विनोद वर्मा ने पीड़ित को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।इस दौरान मौके पर मुकेश मामोडिया,जगदीश,छीतर सिंह, किरण सिंह, संदीप सिंह, विक्रम सिंह, बनवारी लाल बुनकर,पुर्ण वर्मा पप्पू मीणा, सुरेश पुराण, जयराम वर्मा,हंसराज गुर्जर, शुशील सिंह ,कमल कुम्हार आदि लोग मौजूद थे।



## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में दो दिन ली जाएंगी आपत्तियां

### निर्वाचन नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य 28 नवंबर तक किया जाएगा

जयपुर टाइम्स


**फुलेरा((निस.))** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्य के तहत दो दिन विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निर्वाचक नामावली में संशोधन या प्रविष्टि के लिए निर्धारित प्रारूपों को ऑनलाइन करने की भी व्यवस्था की गई है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 28 नवंबर तक कराया जा रहा है। विकास अधिकारी नन्दा कुमावत सांभर लेक ने बताया कि इस अवधि में तृतीय और चतुर्थ विशेष अभियान दिवस के अंतर्गत 23 और 24 नवंबर को सांभर फुलेरा के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल अधिकारियों,पदाभिहित अधिकारियों द्वारा बूथ लेबिल एजेंटों के साथ मिलकर प्रातः 9.00 से सायं 06ः00 बजे तक दावे/आपत्तियों प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों या 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। वह अभी तक विधानसभा निर्वाचक नामावली में अपना नाम पंजीकृत नहीं करा पाए हैं, वह नाम पंजीकृत करा सकते हैं। उनके मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में संशोधन या प्रविष्टि के लिए निर्धारित प्रारूपों को ऑनलाइन करने की भी व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर सांभर विकास अधिकारी श्रीमति नन्दा कुमावत,बूथ लेवल अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा,चन्द्र शेखर त्यागी, जितेन्द्र साहू, महेश प्रधान, दयाल सिंह, गिरधारी लाल, पीटीआई रमेश सहित बीएलओ मौजूद थे ।

## प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों पर जनता का भरोसाः केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स



**दिल्ली/जयपुर/अजमेर(निस.)**। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एनडीए गठबंधन (महायुति) की ऐतिहासिक जीत तथा राजस्थान उपचुनावों में भाजपा की सफलता को जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों पर भरोसा बताया।

भागीरथ चौधरी ने महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं और वहां की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की यह जीत डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और सुशासन का मॉडल साकार हो रहा है। यह जीत उसी विश्वास की गवाही देती है।

### राजस्थान में भी भाजपा की बड़ी सफलता

राजस्थान उपचुनावों में 5 सीटों पर भाजपा की जीत को भी चौधरी ने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन सरकार की नीतियों पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, जनता ने उन्हें सराहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा विकास और सुशासन के इस पथ पर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव परिणाम राष्ट्र निर्माण के प्रति और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देते हैं।

चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा का विजयी सफर देश को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## आईएसओसी जेनेवा द्वारा आयोजित प्री-आईडीसी समिट में डॉ डीपी शर्मा का की-नॉट स्पीच

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर राजस्थान(निस.)**। यूनेस्को द्वारा इंटरनेट उपयोगिता की



सार्वभौमिकता के लिए आरओएएम-एक्स फ्रेमवर्क की रचना की गई है जिसका प्रमुख उद्देश्य दुनियां के सभी देश जो यूनाइटेड नेशंस के सदस्य देश हैं उनमें अधिकार-आधारित समावेशी इंटरनेट वातावरण का आकलन और प्रचार करना है। पहले इस फ्रेमवर्क के 109 इंडिकेटर थे जिनको अब बढ़ाकर 300 इंडिकेटर कर दिया गया है। ये संकेतक यानी इंडिकेटर यूनेस्को के इंटरनेट सार्वभौमिकता सिद्धांतों (आरओएएम- एक्स यानी अधिकार, खुलापन, पहुंच और बहुहितधारक भागीदारी) पर आधारित हैं / यहां एक्स का अर्थ क्रॉस-कटिंग मुद्दों से है जिसमें लैंगिक समानता, सतत विकास, विश्वास और सुरक्षा शामिल हैं। एलिली इंटरनेशनल होटल, अदिस अबाबा में आईएसओसी जेनेवा द्वारा आयोजित प्री-आईडीसी का उद्घाटन इथियोपियाई केंद्रीय सरकार के मंत्री एमआईएनटी डॉ येशुरुन अलेमायेहु, एवं अफ्रीका महाद्वीप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आईएसओसी डॉ. डाविट बेकेले ने किया। इस समिट के अध्यक्ष डॉ. असरत मुलातु एवं यूनाइटेड नेशन्स से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल डिप्लोमेट एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक डॉ डीपी शर्मा ने प्रथम सत्र मे यूनेस्को के रोमैक्स फ्रेमवर्क एवं इंटरनेट एक मानवाधिकार और उसके इंक्लूसिव अधिकारों पर कीनोट स्पीच दिया।



## नेहा ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर किया कस्बे सहित परिजनों का नाम रोशन

### नेहा के घर बधाई देने वालो का लगा तांता

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस.)** कस्बे की निवासी होनहार प्रतिभाशाली बिटिया नेहा माथुर ने मणिपाल यूनिवर्सिटी,जयपुर से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। नेहा के पिताजी एस के माथुर ने बताया कि नेहा ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (चीप डिजाइन) में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्गदर्शक डॉ. शिल्पी बिरला को देते हुए, अपनी सफलता को अपने परिवार को समर्पित किया। डॉ. नेहा वर्तमान में गुरुग्राम में द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

नेहा के पिता एस के माथुर ने कहा कि म्हारी छोरियां छोरो से कम थोड़ी है, अगर बेटियों को उचित मंच प्रदान किया जाए तो वो भी सफलता के आयाम स्थापित कर सकती है। हमें अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। नेहा की इस उपलब्धि पर रेलवे पेंशनर्स सोसायटी फुलेरा, प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन फुलेरा अध्यक्ष हरिओम शर्मा,वरिष्ठ पेंशनर रामजीलाल पापटवान,गौ जल सेवा परिवार के संस्थापक अमरचंद सैनी,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत,सहित कई जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजन लोगों ने व्यक्तिगत ओर सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## आंधी से 56 भेडों की चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निस.)**। आंधी थाना प्रभारी जयप्रकाश मील को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भेड़ चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आंधी थाना प्रभारी जयप्रकाश मील ने बताया कि पुलिस ने राहुल पुत्र लक्ष्मण सिंह जाति बंजारा उम्र 19 साल निवासी भवानीपुरा थाना तालेडा जिला बुंदी और समीर कुरेशी पुत्र ईकबाल कुरेशी



जाति कुरेशी मुसलमान उम्र 26 साल निवासी ईस्लाम मोहल्ला महुआ थाना महुआ जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है। आंधी क्षेत्र से 08 और 09 सितंबर को करीब 56 भेड़ चोरी की थी । भेड़ चोरी की घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश था । जयप्रकाश मील थानाधिकारी आँधी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अज्ञात मुल्जिमानों की तलाश की तो थाना मौजमाबाद पर भेड चोरी के प्रकरण में पुर्व में गिरफ्तार शुदा मुल्जिम राहुल बंजारा व समीर कुरेशी प्रकरण मे वांछित होना पाये गये, जिनको जेल से प्रोडेक्शन वारण्ट पर गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने प्रकरण में 56 भेडों को चुराना बताया जिस पर जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर दोनो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है।

## बार एसोसिएशन के सेमिनार में न्यायाधिपति फरजंद अली और कुलदीप माथुर ने की शिरकत

जयपुर टाइम्स

**राजसमंद(निस.)**। उच्च न्यायालय, जोधपुर के न्यायाधिपति फरजंद अली और न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने शनिवार को राजसमंद के भिक्षु निलयम में बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित सेमिनार में शिरकत की। कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी भी पहुंची जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।




कार्यक्रम में दोनों न्यायाधिपतिगण का बार एसोसिएशन द्वारा स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंच पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार पाराशर, सचिव ऋषि राज पालीवाल मौजूद रहे। सेमीनार में विभिन्न कानूनी व प्रशासनिक विषयों, न्याय और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने, ई फाइलिंग प्रणाली, साइबर क्राइम लॉ, न्यायालयों के समक्ष चुनौतियों, आवश्यकताओं, बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए, तकनीक की उपयोगिता, न्याय प्रणाली में नवाचारों, न्याय प्रणाली की हर व्यक्ति तक पहुँच सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए और मंच से उदभोदन प्रस्तुत किए गए। भीम थानाधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने साइबर अपराधों को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। सिस्टम ऑफिसर मनीष जैन ने ई फ़ाइल, डॉ सत्येन्द्र सिंह सांखला ने नए कानून पर जानकारी प्रस्तुत की।

## आरयूआईडीपी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने परियोजना शहरों का किया दौरा

### वाटर सप्लाई और सीवरेज परियोजना के कार्यों का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस.)**। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के परियोजना निदेशक पीयूष सामरिया ने परियोजना शहरों लाडनं, डीडवाना, कुचामन का दौरा किया और पेयजल एवं सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया। एक दिवसीय दौरे के दौरान सामरिया ने विभाग के अधिकारियों के साथ पेयजल एवं सीवरेज कार्यों के प्रगति की समीक्षा की साथ ही



कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश प्रदान किये । उन्होने पेयजल और सीवरेज के घरेल् कनेक्शन को कार्य के साथ-साथ करने को कहा ताकि आमजन को परियोजना कार्यों का शीध्र लाभ मिल सके। गौरतलब है कि आरयुआईडीपी द्वारा कुचामन शहर में इंटीग्रेटेड वॉटर सप्लाई और सीवरेज, डीडवाना एवं लाडनूं में सीवरेज के कार्य किये जा रहे, है जिसमें घरेलू कनेक्शन कार्य भी शामिल है। इस दौरान आरयूआईडीपी के अतिरिक्त परियोजना निदेशक देवेन्द्र कुमार मीना, अधीक्षण अभियंता कुचामन अशोक कुमार जैन, अधिशाषी अभियंता ओमप्रकाश साहू, राजकुमार मीना, सीएमएससी के टीमलीडर प्रदीप कुमार झा व संवेदक फर्म एल एंड टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संपादकीय .....

# खतरनाक रूप लेता रूस-यूक्रेन का युद्ध

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जब यह माना जा रहा था कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध समाप्त हो सकता है, तब वह खतरनाक मोड़ लेता दिख रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को ऐसे हथियारों से लैस करने का फैसला किया, जिससे वह रूस का मुकाबला करने में सक्षम हो सके। इस क्रम में उन्होंने यूक्रेन को रूस के खिलाफ लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति भी दे दी। यह अनुमति मिलते ही यूक्रेन ने रूस के खिलाफ ऐसी मिसाइल का इस्तेमाल करने में देर नहीं की। उसने रूस के खिलाफ ब्रिटेन से भी मिलीं मिसाइलों का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके जवाब में रूस ने भी अपने तेवर दिखाते हुए पहली बार अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन को निशाना बनाया। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन पहले दिन से चेता रहे हैं कि यदि अमेरिका और यूरोप यूक्रेन के बचाव में आगे आते हैं तो वह इसे युद्ध में उनका सीधा दखल मानेंगे। अब रूस ने यूक्रेन के साथ अमेरिका और यूरोपीय देशों को धमकाने के लिए परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के नियमों में बदलाव करने के साथ यह भी कहा है कि वह पोलैंड स्थित अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाएगा। पता नहीं, आगे क्या होगा, लेकिन यह ठीक नहीं कि जिस युद्ध के समाप्त होने की आशा जगी थी, उसके और भड़कने की आशंका पैदा हो गई है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा जा रहा है कि वह अपना पद छोड़ने के पहले हालात बिगाड़ने के साथ विश्व को तीसरे युद्ध की ओर धकेल रहे हैं।

जो बाइडन के फैसले की आलोचना अमेरिका में भी हो रही है, लेकिन यह भी ध्यान रहे कि उन्होंने यूक्रेन को घातक हथियार देने का निर्णय उन खबरों के सामने आने के बाद किया कि रूस की मदद के लिए उत्तरी कोरिया की सेनाएं मोर्चे पर आ डटी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने फैसले को उचित ठहरा सकते हैं, लेकिन इससे भी इन्कार नहीं कि उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े 33 माह पुराने युद्ध को समाप्त करने की कोई ईमानदार कोशिश नहीं की। अमेरिका की तरह यूरोपीय देशों ने भी उन कारणों का निवारण करने की जहमत नहीं उठाई, जिनके चलते रूस की सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई थीं और जिन्हें दूर करने के बहाने उसने यूक्रेन को निशाना बनाया। वैसे यह समझना भी कठिन है कि रूस यूक्रेन की ज्यादा से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर क्या हासिल कर लेगा? अब जब रूस-यूक्रेन युद्ध भड़कने की आशंका बढ़ गई है और डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने में देर है, तब भारतीय प्रधानमंत्री को बीच-बचाव के लिए आगे आना चाहिए। वह इसमें सक्षम हो सकते हैं, क्योंकि अंततः कोई न कोई समझौता होगा ही।

# आखिर अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं अमेरिकी ?

जिस तरह से दुनिया के थानेदार अमेरिका में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन उद्योगपति गौतम अदाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं, उसके दृष्टिगत यह सवाल मौजूं है कि जब रिश्वत का आरोप भारत में लगाया गया है तो फिर अमेरिका में जांच कैसे शुरू हो गई? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमेरिका और उसके लोग, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं? क्या किसी भारतीय उद्योगपति या राजनीतिक दल के शह पर ऐसा किया जा रहा है या फिर कोई अन्य कूटनीतिक वजह है?




क्योंकि यह महज इत्तेफाक नहीं समझा जा सकता है कि पिछले साल 2023 में अमेरिकी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से शुरू हुए विवाद के बाद अब वर्ष 2024 में अदाणी समूह पर सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का उछला ताजा मामला एक अदद मामला भर है? वजह यह कि इससे अडानी समूह के शेयरों के भाव गिरते हैं और कम्पनी को काफी क्षति उठानी पड़ती है! इसलिए हमें यह जानना चाहिए कि आखिर में यह मामला क्या है, क्यों है, कैसे है, किसके लिए है? और अंत में, इसका समुचित हल क्या है? आइए इस पूरी बात को क्रमबद्ध तरीके से समझने की कोशिश करते हैं। बता दें कि यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ने अदाणी पर भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (2200 करोड़ रुपए से ज्यादा) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है, जो एक गम्भीर बात है। क्योंकि यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने आरोप में कहा है कि अदाणी ने अपनी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी को सोलर एनर्जी से जुड़े प्रोजेक्ट्स और कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के लिए भारतीय अधिकायों को 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रिश्वत दी है।

मसलन, अदाणी पर आरोप है कि उन्होंने 2021 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद राज्य सरकार 7,000 मेगावाट बिजली खरीदने पर सहमत हुई थी। आंध्र के अधिकारियों को 25 लाख रुपये प्रति मेगावाट की दर से कथित रिश्वत दी गई। इसके अलावा, अमेरिकी सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने भी कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया। खास बात यह है कि उन्होंने इस बात को उन अमेरिकी बैंकों और इंवेस्टर्स से छिपाया है, जिनसे अदाणी ग्रुप ने इस प्रोजेक्ट के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे।

लिहाजा, अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स का दावा है कि कंपनी के दूसरे सीनियर अधिकारियों ने कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को पैसा देने पर सहमति जताई थी। बता दें कि अडानी समूह ने साल 2021 में एक बॉन्ड ऑफर कर अमेरिका के अलावा दूसरे इंटरनैशनल इंवेस्टर्स और अमेरिका के बैंकों से फंड जुटाया है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने बयान में कहा है कि कथित साजिश के तहत अदाणी ग्रीन ने अमेरिकी निवेशकों से 17.5 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए और एज्यूर पावर का शेयर न्यूयॉर्क शेयर बाजार में लिस्टेड किया। साथ ही, न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने अदाणी, सागर अदाणी, सिरिल कैबनेस और अदाणी ग्रीन और एज्यूर पावर से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाए हैं। वहीं, अदाणी ग्रुप ने रिश्वतखोरी के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें बेबुनियाद बताया है। उसने कहा है कि ग्रुप सभी कानूनों का पालन करता रहा है। वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। ग्रुप के प्रवक्ता ने अमेरिकी न्याय विभाग के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया जिसका अडानी पर यह केवल आरोप है और जब तक दोष साबित न हो जाए तब तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाएगा। लिहाजा, बयान में कहा गया कि हम आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाले संगठन है। अदाणी ग्रुप ने अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के 60 करोड़ डॉलर के बॉण्ड को रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी को गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में ठेका मिला है।

ऐसे में यह स्वाभाविक सवाल है कि जब भारत में रिश्वत देने के आरोप लगाए गए हैं तो फिर केस यूएस यानी अमेरिका में क्यों? इसका जवाब यही है कि अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। चूंकि, प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है, इसलिए अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ।

चूंकि अमेरिका भारत का मित्र देश भी है, इसलिए ये आरोप अहम हैं। हालांकि, जिस तरह से अमेरिकी चुनावों में परास्त राष्ट्रपति जो बाइडेन के मातहत प्रशासन ने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काने और भारत के उद्योगपति को भ्रष्टाचार के मामले में उलझाने की पहल जाते-जाते की है, इसके अंतर्राष्ट्रीय सियासी मायने को भी समझने की जरूरत है। शायद वह भावी ट्रंफ प्रशासन के लिए मुश्किलें पैदा करना चाहता हो।

सवाल यह है कि आखिर यह हंगामा किन-किन प्रोजेक्ट्स को लेकर मचा है? तो जवाब यही होगा कि अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स के अनुसार, एनर्जी कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी है, जो उनके भतीजे हैं। इसके अलावा, एज्योर पावर के सीईओ रहे रंजीत गुप्ता, एज्योर पावर में सलाहकार रूपेश अग्रवाल अमेरिकी इश्यूअर हैं।

हुआ यह है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी और अमेरिकी इश्यूअर ने सरकारी स्वामित्व वाली सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) को 12 गीगावाट सोलर एनर्जी उपलब्ध कराने का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था।

हालांकि, एसईसीआई को सौर ऊर्जा खरीदने के लिए भारत में खरीदार नहीं मिल पाए। लिहाजा खरीदारों के बिना सौदा आगे नहीं बढ़ सकता था और दोनों कंपनियों के सामने बड़े नुकसान का जोखिम था। इसलिए अदाणी ग्रुप और एज्योर पावर ने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की योजना बनाई। तो फिर यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर में रिश्वत का हिस्सा किनको किनको मिला? उसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा किनको मिला? इसके जवाब भी अमेरिकी प्रशासन के आरोपों से मिलते हैं।

अमेरिकी प्रशासन के आरोपों के मुताबिक, इन लोगों ने तय किया कि सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वो राज्य बिजली वितरण कंपनियों को एसईसीआई के साथ बिजली आपूर्ति समझौते में शामिल होने के लिए तैयार करेंगे। शायद इसलिए उन्होंने भारतीय अफसरों को करीब 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया, जिसका एक बड़ा हिस्सा आंध्र प्रदेश के अधिकारियों को दिया गया। फलाफल यह निकला कि इसके बाद कुछ राज्य बिजली कंपनियां सहमत हुई और दोनों कंपनियों से सौर ऊर्जा खरीदने के लिए एसईसीआई के साथ समझौता किया।

इससे साफ है कि भारतीय ऊर्जा कंपनी और अमेरिकी इश्यूअर ने मिलकर रिश्वत का भुगतान किया। इतना ही नहीं, अपनी संलिप्तता छिपाने के लिए कोड नामों का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय (न्यू यॉर्क) के अनुसार, रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के मामले में जिन्हें आरोपी बनाया गया है उनमें गौतम एस. अदाणी, सागर एस. अदाणी, विनीत एस. जैन, रंजीत गुप्ता, सिरिल कैबनेस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा, रुपेश अग्रवाल के नाम प्रमुख हैं।

हालांकि, अमेरिकी कानूनों के तहत ऐसे मामलों में आमतौर पर डेफर्ड प्रॉसिक्यूशन एग्रीमेंट्स या नॉन प्रॉसिक्यूशन एग्रीमेंट्स के जरिए सेटलमेंट की इजाजत है। जिसके मुताल्लिक कुछ गलतियां स्वीकार करने, नियमों का अनुपालन बेहतर करने के वादे और जुर्माना चुकाने के साथ ही यह मामला सुलझाया जा सकता है।

## समसामयिक

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।



भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो। भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है।

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

## झरोका




### सुर्खियां बटोरने के लिए यूपी के महिला आयोग का पैतरा

देश के संवैधानिक आयोग नखदंतविहीन हैं। ऐसे में भी आयोग के कर्ताधर्ता नेताओं की तरह व्यवहार करके आयोग की गरिमा को कम करने के साथ ही उपहास का पात्र बनते हैं। उत्तर प्रदेश के राज्य महिला आयोग ने इसी तरह का कृत्य करके अपनी महत्ता को कम करने का काम किया है। आयोग ने योगी सरकार को एक सिफारिश की। इसमें प्रदेश में पुरुष टेलर द्वारा महिलाओं के कपड़ों के माप लेने पर रोक लगाने, कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे, जिम में महिला ट्रेनर लगाने का जिक्र किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आयोग ने यह प्रस्ताव भेजा है। आयोग का यह कृत्य दर्शाता है कि आयोग मूल उद्श्यो से भटक कर राजनीतिक पैतरेबाजी करने में जुटा है। आयोग को उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार करने से कोई सरोकार नहीं है।

आयोग की इस सिफारिश को अब शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। आयोग के इस प्रस्ताव में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मौजूदा हालत जिक्र नहीं है। आयोग ने यह भी नहीं बताया कि सिफारिश में किए गए प्रावधान ही क्या महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। आयोग ने अपराधों के बाद पुलिस कार्रवाई के तौर-तरीकों पर एक लाइन भी नहीं कही। बालिकाओं के शैक्षणिक स्थलों के पास छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मियों की स्थायी तैनाती पर आयोग चुप रहा। महिला आयोग ने यह भी नहीं बताया कि प्रदेश में इतनी संख्या में प्रशिक्षित महिलाएं का इंतजाम कैसा होगा। क्या सरकार इसके लिए महिलाओं के प्रशिक्षण का इंतजाम करने में सक्षम है। प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार के लिए महिलाओं को ऋण और स्थान इत्यादि की व्यवस्था कैसे होगी, इस पर आयोग की सिफारिश में कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करने वाला उत्तर प्रदेश का महिला आयोग यह भूल गया कि प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चरमराई हुई है। यात्रियों से ठसाठस भरे वाहनों में महिलाओं को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के लिए प्रदेश में अलग से परिवहन की व्यवस्था नहीं है। आरक्षित सीटों पर भी महिलाओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं से छेड़छाड़ की बात आम है। महिला हितों की पैरवी करने वाले महिला आयोग की निगाह यहां तक नहीं पहुंची। इसी तरह महिलाओं की बीमारियों से और प्रसूती की हालत से निपटने के लिए पर्याप्त चिकित्सकों और अस्पतालों की व्यवस्था नहीं है।

आयोग ने पुलिस थानों में महिलाओं की पर्याप्त संख्या और महिला पुलिस थानों की जरूरत पर जोर नहीं दिया। महिलाओं के लिए आज भी पुलिस थानों में जाकर शिकायत दर्ज कराना आसान नहीं है। पुलिसकर्मी पीड़ित महिलाओं से किस तरह का व्यवहार करते हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने माफिया और गैंगस्टरों को धूल चटाने में कसर बाकी नहीं रखी। प्रदेश से लगभग सभी बड़े माफिया और गैंगस्टर या तो मारे जा चुके हैं या फिर जेलों में बंद हैं। इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि आम लोगों के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। पुलिस में भ्रष्टाचार और भेदभाव की घटनाएं आम हैं।

# एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर : सुष्मिता सेन



बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने एक बार फिर अपने प्रेरणादायक दृष्टिकोण से फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने एक प्रेरक संदेश साझा करते हुए लिखा, एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर है।

सुष्मिता ने अपने पोस्ट में बताया कि सपने देखना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है उन्हें हकीकत में बदलने का प्रयास करना। उन्होंने कहा, इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है, लेकिन बिना गति के यह बेकार है। उनका संदेश इस बात पर जोर देता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। हाल ही में सुष्मिता को दांत के दर्द के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक के पास जाते हुए देखा गया। जब क्लिनिक के बाहर पैपराजी ने उनसे बातचीत की, तो उनकी आवाज में लड़खड़ाहट स्पष्ट थी, जो दर्द और एनेस्थीसिया का परिणाम थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी खास गर्मजोशी और विनम्रता से पैपराजी का अभिवादन किया, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता है। सुष्मिता का यह संदेश उनके फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अपने जीवन और करियर में साहसिक और प्रभावशाली कदम उठाने वाली सुष्मिता ने यह साबित किया है कि इरादों को अमल में लाने की ताकत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। बता दें कि सुष्मिता सेन को अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित वेब सीरीज आर्या में उनके दमदार अभिनय के लिए खूब सराहना मिली। इसके अलावा, उन्होंने बायोग्राफिकल ड्रामा ताली- बजाऊंगी नहीं, बजाऊंगी में ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत की भूमिका निभाई। यह सीरीज मुंबई की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट के संघर्ष और उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है।

# सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना प्रेरणादायक: जान्हवी



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा की बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर तारीफ की है। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना सबसे प्रेरणादायक होता है। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर को हुआ, जिसमें नयनतारा के करियर और निजी जीवन की चुनौतियों का विवरण दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नयनतारा और उनके पति विग्नेश शिवन के बीच की प्रेम कहानी और फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष को भी दर्शाया गया है। जान्हवी कपूर ने नेटफ्लिक्स की पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा को एक साहसी और प्रेरणादायक महिला के रूप में सम्मानित किया। हालांकि, जान्हवी की पोस्ट उस समय आई है, जब नयनतारा और अभिनेता धनुष के बीच एक विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को, नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र शेयर किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर कई गंभीर आरोप लगाए। नयनतारा ने दावा किया कि धनुष उनके प्रयासों से ईर्ष्या करते हैं और उनके सार्वजनिक रूप से दोस्ताना दिखने के बावजूद उनका असल स्वभाव बिल्कुल अलग है। इस पत्र में नयनतारा ने धनुष को 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करने पर भी कड़ी आलोचना की। यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ था जब नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में नानुम राउडी धान के एक 3 सेकंड के क्लिप का उपयोग किया गया था, जो कि धनुष द्वारा निर्मित फिल्म थी। नयनतारा ने इस पर गुस्से में लिखा कि धनुष का कानूनी नोटिस चौंकाने वाला था, क्योंकि उस क्लिप का उपयोग सोशल मीडिया पर पहले से ही सार्वजनिक किया गया था। इस विवाद के बीच, नयनतारा के समर्थन में कई अन्य साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां, जैसे श्रुति हासन, ऐश्वर्या राजेश, अनुपमा परमेश्वरन, और पार्वती थिरुवोथु, खड़ी नजर आई हैं। बता दें कि नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है, जिसे काफी सराहा जा रहा है।



# अभिनेत्री नयनतारा हुई 40 साल की

अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है। बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं। बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।



# दया, सम्मान और आपसी समर्थन रिश्ते के अहम पहलू: भूमि पेडनेकर

हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने पिछले कुछ दिनों के अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी की झलक पेश की। अभिनेत्री भूमि ने अपनी पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। इसके साथ उन्होंने कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। इससे पहले भूमि ने एक सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम मसोमवार मोड। भूमि हाल ही में एक टॉक शो में नजर आईं। शो में उन्होंने रिश्तों और साथी में प्राथमिकताओं को लेकर खुलकर बात की। भूमि ने कहा कि उनके लिए दया, सम्मान और आपसी समर्थन किसी भी रिश्ते के सबसे अहम पहलू हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा साथी चाहती हूं जो दयालु हो, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करे, और जो मेरे काम पर गर्व महसूस करे। भूमि इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी व्यस्त हैं। उनका हालिया प्रोजेक्ट, क्राइम थ्रिलर भक्त, में वह एक उग्र पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जो सच्चाई उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके अलावा, वह मुदस्सर अजीज की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह के साथ नजर आएंगी। भूमि की अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज द रॉयल्स है। इस सीरीज में ईशान खट्टर, जीनत अमान, नोरा फतेही और मिलिंद सोमन जैसे स्टार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहता: सुधांशु पांडे

छोटे परदे की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली के लिए बीते कई महीने मुश्किलों भरे रहे हैं। एक्ट्रेस पर पहले कई को-स्टार्स ने बुरा व्यवहार करने के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उनकी सौतेली बेटी ने उनपर मारपीट और डराने के कई गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर एक्ट्रेस की सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक्ट्रेस पर उनका घर तोड़ने और उनके पिता को छीनने का आरोप लगाया था। इन सबके बीच रुपाली गांगुली के को-स्टार रहे सुधांशु पांडे ने एक्ट्रेस पर लगे इन आरोपों पर रिएक्ट किया है।



बातचीत के दौरान सुधांशु पांडे ने उनकी को-स्टार रही रुपाली गांगुली पर लगे आरोपों पर रियेक्ट किया है। एक्टर ने डिटेल में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि वो उनकी निजी जिंदगी है और वो किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान सुधांशु कहते हैं, 'मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि ये किसी का बहुत ही निजी मामला है। किसी के पर्सनल मैटर के बारे में बात करना सही बात नहीं है।' वो आगे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि इसकी जरूरत नहीं है। हम सबके जीवन में ऐसी चीजें होती हैं और हम अपने-अपने तरीकों से इससे डील करते हैं। बाकी सब भगवान पर छोड़ देते हैं'। बता दें, सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के पीछे एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को बताया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस से लड़ाई का बाद ही उन्होंने शो छोड़ा। सुधांशु के बाद मदालसा शर्मा सहित कई एक्टर्स ने शो छोड़ा और कई ने रुपाली पर पॉलिटिक्स करने के आरोप भी लगाए। कई सितारों ने दावा किया कि रुपाली सेट पर काफी राजनीति करती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने इन बयानों पर चुप्पी साधी हुई है।

# एल्बम ग्लोरी के गाने में नजर आएगी नोरा फतेही



अभिनेत्री नोरा फतेही और रैपर यो यो हनी सिंह की जोडी अपने नए सहयोग से एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही है। नोरा रैपर हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी के गाने पायल में नजर आएगी। नोरा ने सोशल मीडिया पर म्यूजिक वीडियो का टीज़र शेयर करते हुए लिखा, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो, जिसे हनी सिंह ने गाया है और जिसमें मैं फीचर कर रही हूं, कल रिलीज़ होगा। वीडियो में नोरा के शानदार डांस मूव्स और हनी सिंह के यूनिक बीट्स ने फैंस को बेसब्री से इंतजार में डाल दिया है। हनी सिंह ने पर्दे के पीछे की शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस के कठोर तापमान में फिल्माया गया। उन्होंने नोरा के समर्पण और प्रोफेशनलिज्म की तारीफ करते हुए उन्हें महान और बेहद मेहनती कलाकार कहा। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली नोरा हर प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उनकी हालिया तेलुगु फिल्म मटका को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा, पेरिस फैशन वीक 2024 में नोरा ने लुई वुइटन के शो में अपनी उपस्थिति से तहलका मचा दिया। नोरा की अगली बड़ी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना में जेसन डेरुलो के साथ एक और म्यूजिक वीडियो शामिल है, जो जल्द ही रिलीज़ होगा।

# सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' के लिये कृष्णा भारद्वाज ने सिर मुंडवाया

सोनी सब के शो तेनाली रामा के लिये अभिनेता कृष्ण भारद्वाज ने अपना सिर मुंडवाकर भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। एक बार फिर तेनाली रामा के किरदार में कदम रखने के लिए तैयार कृष्ण भारद्वाज ने कहा, मैं एक ब्राह्मण परिवार से आता हूं, और हमें अपना सिर मुंडवाने की अनुमति नहीं है, जब तक कि घर में कोई त्रासदी न हो। मेरी मां ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'यह अशुभ है!', लेकिन उन्होंने यह भी समझा कि मैं अपने काम के प्रति समर्पित हूं और उन्होंने मेरे निर्णय में मेरा समर्थन किया।



कृष्णा भारद्वाज ने कहा, इस बार मुझे रात में सोने में कठिनाई हो रही है क्योंकि मेरे सिर और तकिये के बीच घर्षण हो रहा है और जब से मैंने अपना सिर मुंडवाया है, तब से मुझे खुजली और अजीब लग रहा है। साथ ही मेरा लुक पूरी तरह से बदल गया है। आपका रूप आपके व्यक्तित्व का एक बड़ा हिस्सा है, खासकर एक अभिनेता के लिए। जब पहला सीज़न समाप्त हुआ, तो मैंने अपने बाल वापस उगाने की कोशिश की, लेकिन वे पहले की तरह घने नहीं हुए। इस बार गंजा होना कठिन लगा क्योंकि मैंने अपने बालों को फिर से उगाने और बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की थी। फिर भी, मैं हमेशा खुद को समझाता हूँ कि गंजा होने के बाद भी मैं सुंदर दिखता हूं। तेनाली रामा दिसंबर में सोनी सब पर रात आठ बजे प्रसारित होगा।

# मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था। हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'इन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती।' मानुषी ने आगे कहा कि ये वीडियो एक विरोधाभास जैसा लग सकता है, लेकिन इसे विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो में केक खाते और प्रियंका कुमारी और साना दुआ से उसे खिलाते हुए खुद को दिखाया, जबकि दूसरे वीडियो में वह अपनी टीम के साथ फिटिंग करती दिखाई दीं। खिताब जीतने के बाद से मानुषी ने सिर्फ ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस के तौर पर भी भारत को गर्वित किया है। वह अब अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेहरान की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ अभिनय कर रही हैं।



# जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त



आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निर्माता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे। एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है। एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफीज को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

# गर्भवती महिलाओं में बहुत ही कॉमन हैं क्रेविंग्स...

एक औरत अपने को तभी पूर्ण मानती है जब वह अपनी कोख से बच्चे को जन्म देती है। लेकिन शिशु को जन्म देने के लिए नौ माह का लम्बा सफर तय करना पड़ता है। इस दौरान उनके खान-पान पर ही शिशु की सेहत निर्भर करती है। गर्भावस्था में महिला जो भी खाती है उस का सीधा असर बच्चे पर होता है। हैल्दी खाना उनके लिए जरूरी है लेकिन प्रेग्नेंट महिलाओं में क्रेविंग्स बहुत कॉमन हैं और वे अक्सर क्रेविंग को हैल्दी फूड पर तरजीह देती हैं। एक नए सर्वे रिजल्ट के अनुसार 84 फीसदी प्रेगनेंट महिलाएं आइसक्रीम, चिप्स, चॉकलेट्स, कुकीज और कैंडी खाती हैं। दस में से आठ महिलाओं ने यह भी स्वीकार किया कि वे ऐसा भोजन भी खा लेती हैं जो उनके लिए हानिकारक हो सकता है।

अमेरिकन बेबी मैग्जीन द्वारा जारी एक सर्वे के रिजल्ट में बताया गया कि 70 फीसदी मांओं ने बताया है कि जब वे प्रेगनेंट हुई तो उन्होंने हैल्दी खाना खाना शुरू कर दिया, हालांकि 63 फीसदी ने उनके लिए रेकमेंड की गई सब्जियों और फलों की 5 से 9 सर्विंग्स को नहीं खाया।

सर्वे में चैंकाने वाली बात यह थी कि 12 फीसदी ने दिन में एक या उससे भी कम बार खाना खाया। इनमें से ज्यादातर को प्रेग्नेंसी के कारण भोजन में अरूचि हो गई थी। सर्वे में 2300 प्रेग्नेंट और न्यू मॉम शामिल थीं। सर्वे का टाइटल था-प्रेग्नेंट महिला वास्तव में क्या खाती हैं।

## प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद 7 टिप्स....



- समूदी बनाओ। जब आपके पास खुद की केयर करने का ज्यादा टाइम न हो तो डाइट में ज्यादा फल और सब्जियां शामिल करने का यह सबसे बढ़िया तरीका है।
- खुद को प्रेरणा दो। जब आपकी इच्छा कुकीज खाने की हो तब फल और सब्जियां खाओ।
- ब्रेकफास्ट खाओ। यह दिन का सबसे महत्वपूर्ण मील है।
- दिन में तीन बार डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे दही, दूध और पनीर खाओ।
- मछली पसंद हो तो श्रृंप, सालमन या स्कैल्प खा सकती हैं।
- मछली खाना पसंद न हो तो ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर अंडे, अखरोट या आवाकाडो खाएं।
- खाने में उन पदार्थों का सेवन करना चाहिए जिनमें लौह पदार्थ अधिक मात्रा में पाए जाते हों जैसे पालक, सरसों, बंद गोभी, गांठगोभी, धनियां, पुदीना, गुड़ किशमिश आदि।

अमेरिकन बेबी के अक्तूबर 2015 के इश्यू में यह सर्वे प्रकाशित होगा।

10 में से 8 महिलाओं ने इस दौरान रिस्की फूड खाना भी स्वीकार किया। स्टडी में पाया गया कि 48 फीसदीने कोल्ड डेली मीट, 32 फीसदी ने अधपके अंडे, मीट या मछली, 20 फीसदी ने प्रीमेड डेली सलाद और 7% ने अनपेस्टूराइज्ड चीज खाया। प्रेग्नेंसी में इन सब चीजों को खाने की मनाही होती है क्योंकि इससे कॉम्पलीकेशंस आ सकती हैं।

सर्वे में कुल अच्छी बातें भी सामने आई। 92 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि प्रेग्नेंसी के बाद उन्होंने अल्कोहल का सेवन नहीं किया, 77 % रोजाना ब्रेकफास्ट करती हैं और 84 फीसदी कैफीन के लिए दी गई गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन करती हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि 61% मांओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले वेट गेन की भी चिंता रहती है और करीब एक-तिहाई इस दौरान ओबीस या ओवरवेट हो जाती हैं।





> स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, वाली कहावत काफी पुरानी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी इस पर काफी बल देते हैं। यह एक जानी-मानी बात है कि यदि दिमाग में कोई परेशानी हो तो थोड़े समय बाद इसका प्रभाव हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है और हम जल्दी जल्दी बीमार होने लगते हैं। शरीर में होने वाली पीड़ा, मांसपेशियों का दर्द आदि बढ़ जाता है।

# भावनाएं हैं स्वास्थ्य की बैरोमीटर

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि हम जैसा सोचते हैं हमारा शरीर उसी के अनुकूल बनता है। हम जैसा महसूस करते हैं, जैसे काम करते हैं हमारा शरीर भी उसी ढांचे के अनुरूप बन जाता है। इसे ही प्रायः माइंड और बॉडी कनेक्शन कहा जाता है। जब हम तनाव में होते हैं, परेशानियों से घिरते हैं या बेचैन होते हैं तो हमारा शरीर इसका संकेत हमें देना शुरू कर देता है कि शरीर के साथ असामान्य स्थिति है। हममें से कई लोग अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सफल हो जाते हैं। इसके विपरीत कुछ लोग तनाव के क्षणों में, विपरीत स्थितियों मे ओवर रिएक्ट करने लगते हैं। वह किसी भी बात को दिल से लगा लेते हैं। उन्हें जब लगता है कि वह कुछ भी कर पाने मे सक्षम नहीं है तो वह तुरंत रोने लगते हैं, गुस्सा हो जाते हैं, उदासी उन्हें घेर लेती है और चिड़चिड़े हो जाते हैं। इस तरह के लोग परेशान होने के लिए बहाना ढूंढते हैं।

उनका यह चिड़चिड़ापन, अवसाद में रहने की प्रवृत्ति उनके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालती है।

इसका असर उनके दिल-दिमाग पर ही नहीं शरीर पर भी दिखने लगता है। दरअसल, होता यह है कि जब आप तनाव में होते हैं या परेशान होते हैं उस समय अपने स्वास्थ्य के प्रति हम लापरवाह हो जाते हैं। तनाव के समय घूमने जाना, एक्सरसाइज करना, संतुलित भोजन लेना और डॉक्टर के निर्देश के अनुसार दवाइयां खाना इन सब चीजों का रुटीन बिगड़ जाता है।

सवाल है इन स्थितियों से बचाव के लिए क्या करें? इसके लिए चिकित्सक एबीसी का फार्मूला अपनाने की सलाह देते हैं। ए का अभिप्राय है, अवेयरनेस यानी कोई भी समस्या जब पैदा होती है तो उसके प्रति हमें पूरी तरह से सजग-सचेत होना चाहिए। इसमें किसी की प्रेरणा हमारे लिए सहायक सिद्ध हो सकती है या हम अपना स्वयं का नजरिया सकारात्मक बनाएं जिससे हम समस्या को अपने पास फटकने से पहले ही उसे दूर भगा दें। बी यानी बैलेंसिंग यानी सही और गलत के बीच संतुलन कायम रखने की क्षमता का अपने भीतर पैदा करना। सी का अभिप्राय है कंट्रोल यानी विपरीत स्थितियों पर प्रतिक्रिया को नियंत्रण में रखना।

इन तमाम चीजों के अलावा हम पर हमारी भावनाएं हावी होकर हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर न डालें, इसके लिए जरूरी है कि हम संतुलित भोजन लें, समय पर भोजन करें और पर्याप्त नींद लें। किसी भी तरह का नशा न करें। अपनी समस्या को लेकर अपने आपको परेशानी में न रखें। नियमित शारीरिक व्यायाम करें। योगासन करें, मेडिटेशन करें। कुल मिलाकर शरीर को आराम पहुंचाने वाली गतिविधियां करें। जब कभी भावनात्मक दबाव में आएं और भावनाएं दिल-दिमाग पर इस कदर हावी होने लगें कि उनका आपके काम और रिश्तों पर नकारात्मक असर पडने लगे तो ऐसी स्थिति में किसी प्रोफेशनल की मदद लें। ज्यादा संवेदनशील होना किसी तरह की बीमारी नहीं है। यह अकसर कई लोगों के साथ होता है। एक खास अवसर पर ऐसा होना स्वाभाविक है।



काउंसलर किसी भी स्थिति से निपटने में हमारी मदद करते हैं। इसलिए उनसे मदद लेने में हमें कोई संकोच नहीं करना चाहिए। वह अति संवेदनशील लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न होने और उनसे निपटने के बेहतर उपाय सुझा सकते हैं। इन तमाम बातों के अलावा आप हर चीज के विषय में एक डायरी बनाएं, जिसमें कहां पर आप किस स्थिति में ओवररिएक्ट करते हैं उसमें नोट करें। इससे आपको अपनी समस्याओं के प्रति जागरुक होने में सहायता मिलेगी। याद रखें मानसिक समस्याएं धीरे-धीरे हमारे शरीर पर गलत असर डालती हैं और इसकी वजह से हमें कब्ज, डायरिया, कमर दर्द, भूख न लगना, मुंह सूखना, ज्यादा थकान लगना, हाई ब्लडप्रेशर से दर्द, अनिद्रा, गहरी सांस आना, गर्दन में दर्द, पसीना आना, पेट खराब होना, वजन बढ़ना या कम होना जैसी तमाम समस्याएं आ सकती हैं इसलिए समय है सचेत हो जाइए। अपनी समस्याओं का असर अपने शरीर पर न पड़ने दें।

**हम क्या खाते हैं और कितना पानी पीते हैं, यह तय करता है कि हम कितने फिट और स्वस्थ रहेंगे। अच्छी सेहत के लिए खान-पान में पोषण का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जानते हैं कुछ बातें, जो कर सकती हैं इसमें आपकी मदद...**

# सही पोषण की सात अच्छी आदतें

### नाश्ता जरूर करें

खुद को यह बताएं कि सुबह का



नाश्ता अच्छी सेहत के साथ-साथ शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए जरूरी है। टोंड दूध के साथ ओट्स लें। उच्च फाइबरयुक्त फल और एक चुटकी दालचीनी खाएं। इससे रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। आप चाहें तो मल्टीग्रेन ब्रेड और कुछ अंडे, हल्के तले हुए मशरूम और हरी पत्तेदार सब्जियां भी खा सकते हैं।

### पानी है अनमोल



हर आधे घंटे में पानी पिएं। पानी शरीर के पोषक तत्वों को भीतरी अंगों और ऊतकों तक ले जाता है। यह ध्यान रखें कि जूस और अन्य ड्रिंक्स पानी की बराबरी नहीं कर सकते।

### हर रोज व्यायाम करें

अपने वर्कआउट में हृदय के लिए लाभकारी व्यायाम करें। शरीर को मजबूत और लचीला बनाए रखने वाले व्यायामों को शामिल करें।



### ज्यादा चाय-कॉफी ठीक नहीं

चाय और कॉफी की मात्रा का ध्यान देना बहुत जरूरी है। ग्रीन टी भी अधिक न पिएं। पांच कप से अधिक ग्रीन टी लेना शरीर में पानी की कमी पैदा करेगा। अगर आप सिर्फ दूध और चीनी वाली चाय पीते हैं तो यह तय है कि आप सीमा से अधिक चीनी डाइट में ले रहे हैं।

### खूब खाएं हरी पत्तेदार सब्जियां

यह ध्यान रखें कि हररोज कितनी मात्रा में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर रहे हैं। पालक और मेथी में फोलेट प्रचुरता में होते हैं। इस विटामिन से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं तेजी से बनती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कैलरी बहुत कम होती है। तीनों समय हरी सब्जियों को भोजन में शामिल करें।

### नींद का रखें ध्यान

पोषक तत्व नींद पर भी असर डालते



हैं। सोने से पहले कैफीन, चॉकलेट, अधिक चिकनाई वाली चीजें न खाएं। ये चीजें आंतों को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, सोने से पहले अधिक तला हुआ खाना पित्त बनाता है और पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है।।

### हैल्दी स्नैक्स



हल्के-फुल्के नाश्ते के लिए स्वस्थ तरीके आजमाएं। इससे भूख नियंत्रित रहती है। सेब, अनार के दाने और बादाम का सलाद खाएं। शाम के समय गाजर और खीरे का सलाद खाएं।



# अपनी बॉडी के लिहाज से ही स्कर्ट का चयन

सिल्क और ईजी स्कर्ट्स वर्सटाइल होने के साथ ही एक गॉर्जियस लुक भी देती हैं। अक्सर स्कर्ट खरीदते समय बॉडी शेप का ध्यान नहीं रखा जाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि कौन से बॉडी टाइप पर कैसी स्कर्ट सूट करेगी।



पियर शेप बॉडी वालों को हिप्स पर बिलकुल फोकस नहीं करना है। इसलिए आपके लिए ए-लाईन स्कर्ट्स ठीक हैं या फिर फ्लेयर वाली स्कर्ट्स भी अच्छे लगेंगे। फिटेड स्कर्ट्स अवॉयड करें। अगर आप ज्यादा लम्बे नहीं हैं, तो लंबी स्कर्ट्स भी अवॉयड करें। पियर शेप में कम हाईट वालों को मिड-लेंथ स्कर्ट्स पहनने चाहिए। इससे हाईट लम्बी दिखाई देती है। बोल्ड प्रिंट्स और कलर्स अवॉयड करें। डार्क और प्लेन स्कर्ट के साथ बोल्ड कलर में प्रिंटेड टॉप पहने।

अगर फिगर अच्छा है तो बिलकुल फ्लॉन्ट करें। आप पर लगभग हर स्टाइल सूट करेगा। लॉन्ग स्कर्ट, शॉर्ट स्कर्ट, सभी तरह के प्रिंट्स और टाइप्स में। अगर मिडरिफ के आस-पास प्रॉब्लम एरिया है या लव हैंडल्स हैं तो मोटे फैब्रिक में हाई-वेस्ट वाले स्कर्ट चुनें।

थोड़े से लूज स्कर्ट्स पहनें और अगर कर्वी बॉडी न हो तो फिटेड स्कर्ट पूरी तरह से अवॉयड करें। अपनी हिप लाईन को बेल्ट या जड़ाऊ स्टोन्स के साथ एक्सेंचुएट करें। इससे बॉडी में कर्व्स होने का आभास होता है। वेस्ट पर यदि घेर हों या फिर फैब्रिक थोड़ा मोटा हो तो बहुत अच्छा है। ये दोनों ही चीजें बॉडी में वॉल्यूम भी एड करते हैं।

अगर आपके पैर टोंड हैं, तो फिटेड शॉर्ट स्कर्ट्स फ्लॉन्ट करें। वरना मिड-काफ लेंथ चुनें जिसकी वेस्ट पर घेर हों।

## भूरिया बाबा मजदूर संगठन ने किया रक्तदान, सदस्य रक्तदान के लिए लगातार कर रहे मदद



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** भूरिया बाबा मजदूर संगठन द्वारा लगातार रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की जान बचाने का काम किया जा रहा है। शनिवार को संगठन के सदस्यों ने रक्तदान किया और भगवान महावीर हॉस्पिटल में भर्ती महिलाओं पुरुषों जैसे मरीज खून की कमी हैं उनको संगठन की ओर से लगातार रक्त दिलाने मदद कर रहा हैं। संगठन अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि भगवान महावीर हॉस्पिटल में डिलेवरी को लेकर भर्ती 2 महिलाओ को रक्त की जरूरत थी उसको लेकर परिजनो ने हमारे से संपर्क किया, इस पर संगठन ग्रुप में मैसेज भेजा गया जिससे संगठन उपाध्यक्ष श्रवण कुमार,विक्रम कुमार गरासिया,लाडू राम,ने हॉस्पिटल में पहुंच कर ब्लड दिया गया। इसी प्रकार आगे भी जिनको जरूरत होगी उनकी भी मदद के लिये संगठन हमेशा तैयार रहेगा।

## अपनत्व स्कूल के निर्देशक सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया


जयपुर टाइम्स




**चाकसू(निस.)** चाकसू कस्बे में निमोडिया रोड स्थित बहुप्रतिशित शिक्षण संस्थान "अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल" के प्रांगण में शनिवार को विद्यालय के निर्देशक सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया का जन्मदिन धूमधाम से विद्यालय परिसर में मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने निदेशक महोदय को कार्ड व उपहार देकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। वहीं सभी के साथ मिलकर केक काटने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देशक ने सभी शिक्षकों और बच्चों को धन्यवाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सड़क दुर्घटना में बालिका की मौत

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती नेशनल हाईवे 48 पर फ्लाइओवर की ढलान में शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल होने से बालिका की मौत हो गई। ग्रामीण मुकेश कुमार बुनकर ने बताया कि उसकी भतीजी मनीषा बुनकर 20 पुत्री महेश बुनकर शनिवार को लगभग 11.00 बजे कस्बे में स्थित आरएमजीबी बैंक में किसी काम के सिलसिले से आई थी काम पूरा होने पर वह बाइक से वापस घर जा रही थी। इसी दौरान दोपहर 2.00 बजे कस्बे में स्थित नेशनल हाईवे 48 पर फ्लाइओवर की ढलान में बाइक की दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को शाहपुरा राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। थाना प्रभारी रविंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार को बाइक दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं बाइक दुर्घटना से घायल बालिका को शाहपुरा के राजकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## संस्कृत-विद्यालय में बालिकाओं को सिखाया आत्मरक्षा का गुर



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत-विद्यालय में राज्य-महिला नीति के तहत् पुलिस-अधीक्षक कार्यालय, कोटपूतली बहरोड की प्रशिक्षण-टीम द्वारा आत्मरक्षा- प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना विराटनगर कांस्टेबल कुसुमलता यादव एवं बबीता द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा से संबंधित पंच मारना, ब्लॉक मारना, किक मारना आदि का अभ्यास कराया गया।विद्यालय-बालिका-गरिमा-प्रकोष्ठ प्रभारी मीना कुमारी यादव के मार्गदर्शन में उक्त-प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य डॉ0 महावीर प्रसाद वर्मा ने बताया कि आत्मरक्षा-प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को विपरीत-परिस्थिति में अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक , बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है।

### नाम परिवर्तन

मैं दीपेश कुमार जैन पुत्र सुरेश कुमार जैन के पासपोर्ट नंबर (K8110146) में त्रुटिवश नाम दीपेश कुमार व पता घीयों का मोहल्ला, वार्ड नंबर भ, चाकसू, जयपुर दर्ज हो गया है । मेरा वास्तविक नाम दीपेश कुमार जैन व पता वार्ड नंबर 07, घीयों का मोहल्ला, चाकसू, जयपुर, राजस्थान है।

## भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नवीन कार्यालय का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स






**सुमेरपुर(निसं.)।** शिवगंज भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नवीन कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को पंचायत राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, व सिरोही जालोर सांसद व केंद्र सरकार की रक्षा समिति सदस्य लुंबा राम चौधरी , जिला महामंत्री योगेंद्र गोयल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बिंदल , कुलदीप सिंह पालड़ी एम. पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश दवे,मंडल अध्यक्ष तारा राम कुमावत के आतिथ्य में उद्घाटन किया गया। अतिथियों का पूनम राठी व टीना राठी ने तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। भाजपा मंडल महामंत्री ने बताया की मंलल कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य नगर की जन समस्याओं की जनसुनवाई व सेवा केंद्र के रूप में कार्यालय पर काम किया जाएगा।
राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने अपने उद्बोधन में कहा की शिवगंज नगर की कोई भी जन समस्या हो मंडल के कार्यालय में बताएं जिसका समाधान शीघ्र करवाया जाएगा और राजस्थान की प्रतीक नगर पालिका को विकास के लिए एक करोड़ रूपया का अनुदान दिया है जिस शहर का विकास की गति में और बढ़त मिलेगी। शिवगंज तहसील के किसानों को लिए 450 सौ ट्रांसफार्मर बिजली के उपलब्ध करवाई। इसके साथ ही जालौर सिरोही सांसद व केंद्र की रक्षा समिति सदस्य लुम्बाराम चौधरी ने ने कहा कि सिरोही जिले में विकास के संबंध में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास में आमजन के कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला महामंत्री योगेंद्र गोयल ने कहा की राजस्थान सरकार के प्रदेश सरकार के नेतृत्व से राजस्थान में अच्छे कार्य करने व जनता की जन समस्याओं का तीव्र निवारण के कारण आज राजस्थान के 7 विधानसभा उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी को पांच सीटों पर विजय मिली। मंडल अध्यक्ष तारा राम कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंडल का कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाना वह उनका निराकरण करवाना हमारा मुख्य काम रहेगा। मंगल कार्यालय जन सेवा केंद्र के रूप में काम करेगा एवं कार्यालय में मंडल का एक पदाधिकारी रोज दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक खुला रहेगा । अंत में मंडल महामंत्री नरेश सिंधी ने उद्घाटन कार्यक्रम में आए हुए मेहमान व पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष कुंदनमल राठी वेनाराम प्रजापत प्रोग्राम चौधरी हिम्मत राम भाटी महामंत्री रूपेश देवासी मंत्री मोहन मेघवाल रुपाराम रेगर कोषाध्यक्ष नेनमल जैन भारत सुथार प्रकाश खंडेलवाल राजेंद्र पुरोहित पार्षद राजेंद्र कुमार सोलंकी लक्ष्मण परिहार पंकज कुमावत जय श्री कुमावत मोहनलाल सोलंकी चंपक राज जटिया संजय भाटी भाजपा के वरिष्ठ नेता गंगाराम गोयल झुंझार सिंह लक्ष्मीनारायण गहलोत प्रकाश भाटी खेम सिंह चौधरी करण सिंह महेंद्र सिंह ललित राव दिनेश वैष्णव दिनेश मीणा जवेर चंद सोनी कुशल राठी अनमोल राठी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष उषा सोनी उषा गहलोत दुर्गा देवी अंजू अग्रवाल उमा देवी राधा देवी भंवरी देवी मंजू देवी सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पार्षद ,वरिष्ठ जन, पूर्व पदाधिकारी और भाजपा के आम कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। महामंत्री अशोक अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी से समय पर आने एवं निवेदन किया है ।

## मेन्टर - मेन्टी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जमवारामगढ़(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र जमवारामगढ़ के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जमवाराम गढ़ में मेन्टर - मेन्टी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार मीना के द्वारा सरस्वती पूजन से हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का विकास, जेण्डर समता को प्रोत्साहन, बाविकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा, विद्यार्थियों की संवेगात्मक लर्निंग, सुरक्षा एवं जागरुकता रहा। इस अवसर पर डॉ. नीलम चारण, सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय जमवारामगढ़ सम्बन्धित के हारा बिन्दुओं विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला गया। डॉ. चारण ने महिला सशक्तीकरण के विषय पर भी छात्राओं को उन्होंने योग और प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ. गगनकान्त (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुविधाओं से सम्बन्धित बिन्दुओं से अवगत करवाया डॉ. गगनकान्त ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसके अतिरिक्त बलदेव सिंह, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर ( आईसीएफएआई) ने भी विद्यार्थियों को मेटंर- मेंटी कार्यक्रम पर सम्बोधित किया तथा कैरियर सम्बन्धित समस्याओं तथा समाधान के बारे में अवगत कराया तथा स्कूल के बाद विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य के बारे में बताया। अन्त में प्रधानाचार्य के द्वारा सभी आमुख आगन्तु?कों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

## नेहा ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर किया कस्बे सहित परिजनों का नाम रोशन



### नेहा के घर बधाई देने वालो का लगा तांता

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** कस्बे की निवासी होनहार प्रतिभाशाली बिटिया नेहा माथुर ने मणिपाल यूनिवर्सिटी,जयपुर से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। नेहा के पिताजी एस के माथुर ने बताया कि नेहा ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (चीप डिजाइन) में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्गदर्शक डॉ. शिल्पी बिरला को देते हुए, अपनी सफलता को अपने परिवार को समर्पित किया। डॉ. नेहा वर्तमान में गुरुग्राम में द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। नेहा के पिता एस के माथुर ने कहा कि म्हारी छोरियां छोरो से कम थोड़ी है, अगर बेटियों को उचित मंच प्रदान किया जाए तो वो भी सफलता के आयाम स्थापित कर सकती है। हमें अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। नेहा की इस उपलब्धि पर रेलवे पेंशनर्स सोसायटी फुलेरा, प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन फुलेरा अध्यक्ष हरिओम शर्मा,वरिष्ठ पेंशनर रामजीलाल पापटवान,गौ जल सेवा परिवार के संस्थापक अमरचंद सैनी,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत,सहित कई जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजन लोगों ने व्यक्तिगत ओर सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## भारुंदा में जय कुमावत युवा संगठन का छठवां प्रतिभा सम्मान समारोह आज

### कुण्डाल परगना के 43 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** जय कुमावत युवा शक्ति एकता संगठन कुण्डाल परगना 12 गांव के तत्वाधान में छठवां प्रतिभावान सामान समारोह आज रविवार को भारुंदा में स्थित सरिया देवी कुमावत धर्मशाला परिसर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालूराम कुम्हार एसडीएम सुमेरपुर, अमित भाई कुमावत,सत्य प्रकाश पटेल के साथ अन्य समाज बंधु शिरकत करेंगे। प्रतिभावान सामान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त करने वाले कल 43 विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा एवं राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने वाले जनप्रतिनिधियो के साथ संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे। वही इस अवसर पर प्रतिभा एवं दानदाताओं के साथ अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उचित अंक प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं का सम्मान जय कुमावत युवा शक्ति द्वारा किया जाएगा। युवा शक्ति की ओर आज रविवार प्रातः 9.00 बजे को प्रतिभा सम्मान समारोह होगा।

### छठवा प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन

9बजे दीप प्रचलन, ब्लड ग्रुप टेस्टिंग, अतिथियो का बहुमान, विधार्थियो का सम्मान, भामाशाह बहुमान होगा। साथ ही सातवा प्रतिभावान सम्मान समारोह की तैयारियो का चढ़ावा होगा।

### समारोह के लाभार्थी भामाशाह

इस कार्यक्रम में ईनाम व प्रशिस्त पत्र जैसाराम कोरटा, भोजन व्यवस्था गोपीलाल लखमावा, माला साफा व्यवस्था गोपाल भारूंदा,आजीवन जल व्यवस्था किशनलाल कोरटा, पेम्पलेट सौजन्य फुटरमल कोरटा द्वारा होगी।

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में दो दिन ली जाएंगी आपत्तियां

### निर्वाचन नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य 28 नवंबर तक किया जाएगा

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस.)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्य के तहत दो दिन विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निर्वाचक नामावली में संशोधन या प्रविष्टि के लिए निर्धारित प्रारूपों को ऑनलाइन करने की भी व्यवस्था की गई है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 28 नवंबर तक कराया जा रहा है। विकास अधिकारी नन्दा कुमावत सांभर लेक ने बताया कि इस अवधि में तृतीय और चतुर्थ विशेष अभियान दिवस के अंतर्गत 23 और 24 नवंबर को सांभर फुलेरा के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल अधिकारियों,पदाभिहित अधिकारियों द्वारा बूथ लेबिल एजेंटों के साथ मिलकर प्रात 9.00 से सायं 06.00 बजे तक दावे/आपत्तियों प्राप्त की जाएंगी।उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों या 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। वह अभी तक विधानसभा निर्वाचक नामावली में अपना नाम पंजीकृत नहीं करा पाए हैं, वह नाम पंजीकृत करा सकते हैं। उनके मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में संशोधन या प्रविष्टि के लिए निर्धारित प्रारूपों को ऑनलाइन करने की भी व्यवस्था की गई है। इस मौक़े पर सांभर विकास अधिकारी नन्दा कुमावत,बूथ लेवल अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा,चन्द्र शेखर त्यागी, जितेन्द्र साहू, महेश प्रधान, दयाल सिंह, गिरधारी लाल, पीटीआई रमेश सहित बीएलओ मौजूद थे ।

## उचित वित्तीय प्रबंधन से ऋण आवेदकों के सपने होंगे साकार

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय/समीक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बैंकों के वित्तीय प्रबंधन और ऋण वसूली पर जोर दिया गया। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि बैंक अधिकारी सरकारी योजनाओं के तहत 40 प्रतिशत आवेदनों पर ऋण स्वीकृत करें और विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाएं। उन्होंने बैंकों से मासिक समीक्षा बैठक का विवरण लीड बैंक अधिकारी को भेजने और ऋण वसूली में प्रशासनिक सहयोग के लिए उपखंड अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। जिला अग्रणी प्रबंधक परेशनाथ बनर्जी ने बताया कि जिले का साख जमा अनुपात 91.35 प्रतिशत है। 30 सितंबर 2024 तक कुल जमा 523328 लाख और कुल ऋण 478085 लाख रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में 40 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले 65.68 प्रतिशत अग्रिम ऋण स्वीकृत हुआ। कृषि ऋण में 18 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध 47.86 प्रतिशत और कमजोर वर्गों के लिए 12 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध 44.46 प्रतिशत अग्रिम स्वीकृत हुआ। बैठक में आरबीआई मैनेजर सागर पंवार, नाबार्ड के डीडीएम पुनीत हरित, बैंक ऑफ बड़ौदा के रामचंद्र भाटी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुचामन सिटी में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने फोड़े फटाके बाटी मिठाइया



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)**कुचामन शहर में भारतीय जनता पार्टी कुचामन शहर मंडल द्वारा महाराष्ट्र उतर प्रदेश व राजस्थान के उप चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी मनाते हुये कुचामन भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ता द्वारा कुचामन पुराने बस स्टैंड पर महाराष्ट्र के चुनाव व राजस्थान के उप चुनावों की जीत की खुशी मनाई एवम सभी को बधाईया दी तथा मिठाई खिलाकर व भव्य आतिशबाजी कर कुचामन भाजपा शहर मंडल ने खुशी जाहिर की जिसमे भाजपा जिला महामंत्री गोविंद कुमावत कुचामन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता अनिल सिंह मेड़तिया पार्षद तुलसीराम कुमावत बबलू सिखवाल नरसी कुमावत भगीरथ कुमावत अयूब शेख महामंत्री जसराज खुरिवाल राजेन्द्र सिंह राठौड़ संदीप जैन मनोहर चावला किसन गुजर सुरेश कुमावत प्रेमचंद कुमावत मोनू शर्मा आनंद व्यास नथमल शर्मा मुरली कुमावत भवर चावला एवम भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
24 नवम्बर, 2024

# जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में अवकाश के दिन प्रशासनिक निरीक्षण और जनसुनवाई







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में शनिवार को अवकाश के दिन जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किए गए और जनसुनवाई आयोजित की गई। डॉ. सोनी ने स्वयं किशनगढ़-रेनवाल के हरसोली और चौमूं के अणतपुरा-चिमनपुरा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की परिवेदनाएं सुनीं और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। शेष परिवेदनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने क्षेत्र में चल रही विभिन्न विभागीय योजनाओं और उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से लाभार्थियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। हरसोली में भामाशाहों ने जनसहयोग के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को 2 कम्प्यूटर और विकास कार्यों के लिए 41 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस सहायता से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा।

### विद्यालयों और छात्रावासों का निरीक्षण

जिला कलेक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारियों ने पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय भवन निर्माण की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, खेल मैदान, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### किसानों और सहकारी समितियों पर विशेष ध्यान

नायब तहसीलदारों ने क्रय-विक्रय सहकारी समितियों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों का निरीक्षण किया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया का जायजा लिया। किसानों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और प्रक्रियागत बाधाओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिशासी और खंड विकास अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने और पात्र अभ्यर्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। योजना के लाभ को अधिकतम जरूरतमंदों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। डॉ. सोनी के नेतृत्व में किए गए इन निरीक्षणों और जनसुनवाई ने प्रशासन की सक्रियता और जवाबदेही को मजबूत करते हुए जनविश्वास को बढ़ावा दिया है।

## मंडावा सीएचसी पर आरबीएस के शिविर 27 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडावा में 27 नवंबर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के अर्न्तगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यकम आरबीएसके के तत्वाधान में छ माह से अठारह वर्ष तक के बच्चो के लिए शिविर लगाया जाए गा। आरबीएसके टीम प्रभारी अंबिका राव ने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.विनोद राहड़, दंत रोग विषेशज्ञ डॉ.राजेश, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ.अशोक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.प्रियंका, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.शंकरलाल,नेत्र सहायक रविन्द्र सिंह,चिकित्सक डॉ रमेश, देवेन्द सिंह सेवाएं देगे। प्रभारी अंबिका राव ने बताया कि शिविर में जन्मजात विकृति के बच्चे, कमी से होने वाले रोग, विकास अवरूद्व होने की वजह से सहित अन्य बीमारियों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। उन्होने बताया कि शिविर राजकीय विद्यालयो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, मदरसो में अध्यनरत्त विद्यार्थियो के लिए प्रमुखता से लगाया जा रहा है।

## शेखावाटी भ्रमण कार्यक्रम को लेकर बैठक आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)**। बस स्टेंड स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में रविवार को बुद्धगिरी मंडी फतेहपुर के पीठाधीश्वर व राजस्थान गौ सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी दिनेशगिरि महाराज आएगे। दिनेश गिरी महाराज आगामी 11 दिसम्बर से नव निर्मित सनातन सेना का शेखावाटी भ्रमण का सालासर से शुभारम्भ को लेकर सनातन धर्मावलियो की मीटिंग को संबोधित कर दिशा निर्देश देंगे। राजस्थान गौ सेवा समिति के संस्थापक सदस्य महावीर पोसवाल ने बताया कि पूज्य महाराज के गौ संरक्षण व सवर्धन के क्रांतिकारी आंदोलन की बदौलत ही राजस्थान में गौ मंत्रालय और हजारो करोड़ का गौ अनुदान और नंदीशाला का सपना राज्य में पूरा हो पाया है। पोसवाल ने अधिक से अधिक सनातनियों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## बच्चों को सीपीआर मैथड का प्रशिक्षण दिया

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस.)**। शहर की प्राचीन शिक्षण संस्था बगड़िया बाल विद्या निकेतन में सीपीआर ट्रेंनिंग सेंटर, सीकर से आए डॉ. संपत्ति मिश्रा , डॉ.एनके मिश्रा व डॉ.महेंद्र प्रसाद की चिकित्सकीय टीम की ओर से बच्चों को सीपीआर मैथड का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों को प्रेक्टिकल रूप में सिखाया भी गया जिसमे सीपीआर कब किया जाता है सीपीआर शरीर के किस भाग पर किया जाता है, अचानक कार्डियक अरेस्ट के दौरान क्या करना चाहिए, सीपीआर कब देना चाहिए और कब नहीं, सीपीआर के दौरान कौनसी सावधानियां बरतनी चाहिए आदि के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया और सिखाया गया। आपातकालीन स्थिति में किसी व्यक्ति को सीपीआर कैसे दी जाती है इसका प्रैक्टिकल भी मेडिकल टीम के सामने सभी बच्चों ने किया। चिकित्सकीय टीम की ओर से दिए गए प्रशिक्षण को प्राप्त कर बच्चे बहुत खुश हुए और अलग-अलग तरह के प्रश्न जो भी बच्चों के मन में थे उन्होंने चिकित्सकीय टीम से पूछे। प्रशिक्षण के दौरान निकेतन सचिव पवन गोयनका, प्राचार्य विपिन शर्मा, मोंटेसरी इंचार्ज निधि जोशी विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे। इस मौके पर निकेतन परिवार की ओर से चिकित्सकीय टीम का माला और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया और समय-समय पर इस तरह की जानकारी लेकर विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित के लिए आग्रह किया।

## काल भैरव अष्टमी पर भैरव बाबा का जन्मोत्सव मनाया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)**। शहर के बोडिया कुआं के पास स्थित खेत्रपाल भैंरूजी मंदिर में शनिवार को काल भैरव अष्टमी पर भैरव बाबा का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी गौपाल सैन के सानिध्य में महा आरती की गई। मंदिर को फूलों व रोशनी से सजाया गया। सभी भैरव भक्तों के सहयोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दिनभर बड़ी संख्या महिलाओं, बच्चों, पुरूषों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें बजरंग भंसाली, केजी सोनी व मोनिका पारीक ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हरि ढल्ला, बिजू पंसारी, लीलाधर स्वामी, ओमप्रकाश सैन, महावीर सैन, दिपिका सैन, संजू पुलासरीया, संतोष सैन, विधाधर पारीक, रामसिंह बिदावत व लाला सैन सहित अनेक भक्तों ने सहयोग किया।



## उपचुनाव में भाजपा की जीत पर मण्डावा में जश्न

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)**। यहां फतेहपुर बस स्टैण्ड के निकट शनिवार को झुझुनूं विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू की जीत पर मण्डावा में भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अगुवाई में जीत का जश्न मनाया गया।

## भाजपा की जीत पर मतदाताओं का जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)**। भाजपा किसान मोर्चा के चीफ, चैन्नई प्रवासी उद्यमी व भामाशाह रमेश गाड़ोदिया ने राजस्थान विधानसभा उपचुनाव भाजपा की जीत पर शनिवार को जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती व विकास के लिए जागरूकता से मतदान कर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। राजस्थान की जनता समझदार है और उसने सोच-समझकर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि उसका विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। इसलिए उनका वोट डबल इंजन की सरकार को और मजबूत बनाने के लिए पड़ा है। इस चुनाव में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित हर वर्ग का समर्थन भाजपा के साथ था। उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। किसान सेठ कहा कि चुनाव में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की और जनता ने 11 महीने की सरकार में हुए जनकल्याण के कार्यों के प्रति अपना समर्थन दिखाया है। राजस्थान की जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद की लोकप्रियता सर्वाधिक है और इसका फायदा इन चुनावों में भाजपा को मिला है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी सीटों पर दो-दो बार चुनावी सभाएं की। इन चुनावी सभाओं में उमड़े जन सैलाब ने यह तय कर दिया था कि जनता इन चुनावों में भाजपा के साथ है और परिवारवाद,भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस एवं उनके सहयोगियों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। उल्लेखनीय है की शनिवार को मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित किसान कृषि फार्म हाउस में भाजपा की जीत का जश्न मनाया गया । कार्यक्रम में किसान सेठ रमेश गाड़ोदिया,पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा,सीताराम सैनी,संजय परिहार,मनोज सैन,हिम्मत सिंह दिनवा,अशोक सैनी,सुमित गाड़िया, जिम्मी, किरण गाड़ोदिया,महावीर सिंह,राजू सिंह सहित अनेक भाजपाईयों ने भाजपा की प्रचंड जीत पर मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई ।

## गांव खालियां में क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)**। शहर के निकटवर्ती गांव खालियां में क्रिकेट बोर्ड खालियाँ की ओर से 20 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य दीवान सिंह भानीसरिया ने एकल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रंशसा करते हुए कहा कि पढ़ो ऐसे की खेल बन जाएं, खेलों ऐसे की पढ़ाई बन जाएं। जिस क्षेत्र में हो मेहनत समर्पित भावना से करो, कि भविष्य बन जाए। इसी के साथ पढ़ाई के साथ खेलों के महत्व पर विस्तार प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सरपंच केसूदास स्वामी ने की। विशिष्ट अतिथि संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोक चंद कीलका ने कहा कि आज आधुनिक युग में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों व युवाओं के शारिरिक व मानसिक विकास के लिए जीवन खेल-कूद बहुत जरूरी है। इस अवसर पर समाजसेवी मांगीलाल, ईश्वर सुथार, मोटाराम गोदारा, सागर कांटीवाल ने सम्बोधित किया। हनुमान राम कांटीवाल व मेघाराम कांटीवाल ने अतिथियों व खिलाड़ियों का धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर जगदीश पूनिया, प्रभु लाल, महावीर स्वामी, शेर सिंह भाटी, पवन कांटीवाल, जीतू चौधरी, देवी सिंह पूनिया, चेना राम कांटीवाल, उपस्थित रहे। कार्यकर्ता नागर शर्मा, राजेश पूनिया, सुनील पूनिया, प्रदीप कुमार, महेश कुमार नायक उपस्थित रहे। मुख्य अंपायर की भूमिका राकेश शर्मा व गजेंद्र सिंह पूनिया निभा रहे हैं। प्रतियोगिता का प्रथम मैच भानीसर एवं डूंगरास के मध्य खेल गया। भानीसर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए। जवाब में डूंगरास ने 2 विकेट नुकसान पर 8 ओवर में 120 रन मैच जीत लिया। दूसरा मैच रूपेली एवं बड़ाबर के मध्य खेला गया। जिसमें रूपेली ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 112 रन बनाए। जवाब में बड़ाबर ने 5 विकेट नुकसान पर 10 वें ओवर 113 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)**। लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने विगत दिनों हुए युवती के ब्लाइंड मर्डर की घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए ब्लाइंड मर्डर के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार युवती अपने परिजनों को घर से बाजार जाने का कहकर निकली थी। जिसके बाद उसका शव मिला था। लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हरलाल पुत्र नाथूराम निवासी लक्ष्मणगढ़ ने 10 नवंबर को पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी मोटी (28) घर से बाजार जाने का कहकर निकली थी, किंतु वापस घर नहीं लौटी। इसके बाद लड़की के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई। लड़की के पिता ने रिपोर्ट में बताया था कि 2 नवंबर को घर के बाहर डेरे के पास बाइक सवार 3 लड़के बाइक लेकर आए थे और लड़की को जान से मारने की धमकी देकर गए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को लक्ष्मणगढ़ में लड़की का शव मिला।पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लोगों से पूछताछ की तो वही पुलिस ने लड़की की कॉल डिटेल भी खंगाली और आरोपियों की लोकेशन को ट्रेस कर उन्हें डिटेन कर लिया। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान धारूराम (23) निवासी डीडवाना - कुचामन के रूप में हुई है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## भावना वर्मा को मिलेगा विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक



**चूरू(निसं.)**। स्थानीय चूरू बालिका महाविद्यालय की मेधावी छात्रा भावना वर्मा पुत्री सूरज कुमार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परीक्षा-2023 में कला स्नातक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की ओर से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थियों की स्वर्ण पदक प्राप्तकर्त्ता सूची में चूरू बालिका महाविद्यालय की छात्रा का नाम आने पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़ व सचिव भागीरथ शर्मा ने बधाई देते हुए बताया कि पूर्व में भी इस महाविद्यालय की कई छात्राएं विश्वविद्यालय की मैरिट में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। इसी क्रम में छात्रा ने एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। छात्रा की इस स्वर्णिम सफलता पर प्राचार्य आशा कोठारी व संकाय सदस्यों ने बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। भावना भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा की तैयारी कर रही है।

## पूनियो की बस्ती में साइकिले वितरित



जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूनियो की बस्ती (आदर्श चवा )में शनिवार को राज्य सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डूंगराराम कडवासरा, शिक्षक चेनाराम, नारायण राम, ओमप्रकाश सोनी, जसवंत सिंह, दिलीप कुमार,चेतन प्रकाश, धोकला राम ,मानाराम, मूलाराम व ग्रामीणो की मोजुदगी में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।


## कार्यालय नगरपरिषद, सरदारशहर (जिला चुरू)

Ph. 01564-220681,220030

क्रमांक :- न.पा.स./2024-25/भूमि/ 906 | दिनांक :- 21-11-2024

सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में प्रार्थीगणो के द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्रो से कयशुदा भूमि को अपने पक्ष में नामान्तरण चाहा गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क. स. | आवेदक का नाम | भूमि का स्थान | क्षेत्रफल | पट्टेधारी का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गायत्री देवी / श्रीराम शर्मा | रोडवेज बस स्टेण्ड के पीछे वार्ड नं. 25 | 1250 वर्गफुट | इस कार्यालय के द्वारा हरिराम शर्मा दीपाराम जाति ब्राहमण पक्ष में पटटा क्रमांक 441 दिनांक 21.06.2022 जारी किया गया है हरिराम शर्मा दीपाराम के द्वारा जरिये विक्रय पत्र दिनांक 14.11.2022 दिनांक 04.06.2024 रणजीत बराला पुत्र श्री भैराराम बराला जाति जाट को विक्रय पत्र कि गई जिसके द्वारा गायत्री पत्नि श्रीराम शर्मा जाति ब्राहमण विकय पत्र दिनांक 11. 09.2024 को भूमि माप 1250 विकय की गयी है |

उक्त नामान्तरण जारी करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे, बाद अवधि मियाद के प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा ।

(भगवानसिंह)
आयुक्त
नगरपरिषद सरदारशहर

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
24 नवम्बर, 2024

संस्था का उद्देश्य ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना व अच्छा व्यवहार दिलाना

# ग्राहकों में अधिकारों की जागरूकता से ही समाज के हितों की रक्षा संभव : भगवती प्रसाद

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** शहर के सप्तऋषि वेद वेदाङ्ग ऋषिकुल ब्रह्मचार्याश्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व उत्तरी भारत के संगठन मंत्री भगवती प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शर्मा ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक का इतिहास बताते हुए बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना 1974 में पुना में हुई। इस संगठन का मूल उद्देश्य ग्राहक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना व उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता, सही नाप, विक्रय उपरांत सेवा व अच्छा व्यवहार दिलवाना है। संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम1986 लागू करवाना रही है। ग्राहक पंचायत के दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने ग्राहकों के हितों के लिए मसौदा तैयार किया जो कि कालांतर में भारत की संसद से वर्तमान उपभोक्ता संरक्षण कानून के रूप में स्वीकार किया गया। ग्राहकों के हितों की रक्षा करके आप समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सेवा कर सकते हैं। ग्राहक पंचायत उपभोक्ता और विक्रेताओं के बीच सामंजस्य बिठाने का एक मंच है ना कि आपस में किसी प्रकार का विवाद पैदा करने के लिए हैं। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों से इस बात को स्पष्ट किया की सूचना का अधिकार, उपभोक्ता संरक्षण अधिकार बड़ी गंभीरता से समाज में सेवा कर रहे हैं और इनकी अनदेखी करने पर बड़े-बड़े अधिकारियों को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ी है। विदेशी लोग उपभोक्ता की संस्कृति में विश्वास करते हैं जबकि भारतीय संस्कृति ग्राहक की संकल्पना में विश्वास करती है। उपभोक्ता जहां उपभोक्तावाद पनपाती हैं। वहीं ग्राहक किसी भी वस्तु के अधिकतम उपयोग में विश्वास करता हैं। इस अवसर पर वैद्य महेंद्र शर्मा, वैद्य नरोत्तम प्रसाद शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विपिन गोयल, डॉ कंचन शर्मा, डॉ पीके पाण्डिया, राजकुमार तिवारी, मनीराम सारण, गायत्री परिवार के ओमप्रकाश पारीक, अरुण देरासरी, ऋतु राठौड़, डॉ अविनाश पारीक, मुकेश सेवदा, कोमल शर्मा, मीरा शर्मा, घनश्याम भोजक, सुरेंद्र कुमार दाधीच, विजय पारीक, मंजू दाधीच, सरिता कुमारी शर्मा, बबीता राठौड़, सरोज पारीक, पवन शर्मा, विकास पारीक, रामदेव पारीक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभा पारीक ने किया।



## रचनात्मक कार्यों से बच्चों का बौद्धिक विकास : गौड़

**सरदारशहर(निस.)।** शहर के एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में शनिवार को प्रोजेक्ट वर्क प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ व संस्था प्रधान भरत गौड़ की ओर से मां सरस्वती व संस्थापक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य गौड़ ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पाठ्य सहगामी कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और रचनात्मक कार्यों से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। अभिभावकों ने बच्चों की ओर से तैयार किए गए प्रोजेक्ट की सराहना कर अपनी खुशी जाहिर की। संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ ने बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षकों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट वर्क तैयार किए हैं, जिन्हें आज अभिभावकों के लिए प्रदर्शन हेतु रखा गया है। इस प्रदर्शनी आयोजन के प्रभारी अर्चना चौधरी, दिव्या सोनी एवं प्रेम प्रकाश नाई रहे।

## राजलदेसर में एक्सपोजर कैंप का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**राजलदेसर(निस.)।** पीएम श्री श्रीयूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर में एक्सपोजर कैंप का आयोजन किया गया। वोकेशनल प्रभारी मोनिका शर्मा ने बताया कि अनुपयोगी सामान से दैनिक जीवन में काम आने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण किया गया। इस कैम्प में कक्षा छठी, सातवीं व आठवीं कक्षा की सभी छात्राओं ने भाग लेकर अपना कौशल दिखाया जिसमें कक्षा आठवीं बी की सीमोन मणियार ने प्रथम स्थान, भगवती प्रजापत कक्षा आठवीं ए ने दूसरा स्थान व सातवीं की दिव्या सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वोकेशनल ट्रेनर पींकी मंडल ने हर माह होने वाले एक्सपोजर कैम्प की उपयोगिता पर विचार रखते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में कौशलता आती है जो जीवन को विकसित बनाने में बहुत ही सहयोगी होते हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता रिखा राम तालणिया, सरीता शर्मा, रश्मि महर्षि, मोनिका शर्मा, कन्हैयालाल जांगिड़, प्रमोद कुमार ओए, कपिल मीणा, मीना कुमारी वर्मा, अशोक जाट, ऋषिका सहारण, रत्नादेवी आदि उक्त कैम्प के सहभागी बने।

## जनजाति समुदाय रहा है प्रकृति का संरक्षक : मीणा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जनजाति गौरव पखवाड़ा 15 नवंबर से 25 नवबंर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत आदिवासियों के मसीहा रहे बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। प्राध्यापक सुरेन्द्र कुमार पलसानिया ने आदिवासियों की संस्कृति एवं परम्पराओं के बारे में छात्रों को बताया। प्रकाश चन्द्र ने जनजाति इतिहास के बारे में छात्रों को समझाया। महावीर प्रसाद गोदारा ने आदिवासियों की परम्पराओं पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य धर्मसिंह मीणा ने कहा राज्य सरकार द्वारा जनजाति गौरव पखवाड़ा का आयोजन करवाकर एक अच्छी शुरूआत की गई है। इससे जनजाति समुदाय के बारे में सभी समाज में जागृति पैदा होगी और उनकी संस्कृति से परिचित हो सकेगें। जनजाति समुदाय हमेशां ही प्रकृति का रक्षक और संरक्षक रहा है। कार्यक्रम को रूघाराम नेहरा, राहुल बुगालिया, मनोज कड़वासरा ने भी सम्बोधित किया। बाबूलाल ढाका, विजयपाल, सुरेश चन्द्र, लिखमाराम, विकास कुमार, रामचन्द्र, अनिल कुमार, सांवरमल प्रजापत, विमला, सुशीला मीणा, दुर्गा देवी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जैन श्वेतांबर स्कूल में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का समापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय स्थित बच्छावत ब्लॉक सभागार में त्रिदिवसीय ध्यान शिविर / मेडिटेशन सेशन के समापन व अंतिम दिवस पर दीपक कलवानी, जॉन कॉर्डिनेटर जोधपुर व जैसलमेर और हार्टफुलनेस प्रशिक्षक उषा कलवानी व संगीता गर्ग ने छात्र-छात्राओं को 'रिक्नेक्ट विद् आवरसेल्वज' व 'ट्रांसफोर्म योरसेल्फ' पर व्याख्यान देते हुए ध्यान की विभिन्न अवस्थाओं को समझाया। कार्यक्रम में सनदी लेखाकार अभिनंदन जैन व नमी जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्यान शिविर प्रशिक्षक दीपक कलवानी, उषा कलवानी, संगीता गर्ग, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य (हिन्दी माध्यम) जगदीश प्रसाद जांगिड़ व लेखाकार सुरेश शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने वाद्ययंत्रों की संगीतमय ध्वनि में संगीत अध्यापक इंतजार अली के सान्निध्य में सरस्वती वंदना का गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के लखेन्द्र सिंह, रजत शर्मा, तख्तसिंह, आदिल खान, सुमन प्रजापत व विजय राठौड़ सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कविता प्रजापत ने किया।

## युवक ने घर के कमरे में फंदा लगाकर किया सुसाइड

जयपुर टाइम्स



**चूरू (निस.)।** शहर के निकटवर्ती गांव ख़ासोली में एक युवक ने घर के कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के समय परिवार के लोग युवक के पिता की तबीयत खराब होने पर अस्पताल लेकर गए हुए थे। उनके घर आने पर परिजनों को युवक की फांसी की घटना का पता लगा। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना के एएसआई गिरधारीलाल सैनी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने परिजनों की सहायता से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने निजी वाहन की सहायता से शव को डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया। एफएसआई गिरधारीलाल सैनी ने बताया कि खासोली निवासी अनिल जाट ने रिपोर्ट दी कि उसका भतीजा नवीन कुमार जाट (27) शराब पीने का आदी था। जिसने शनिवार रात घर के कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## संगठन पर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें : कोटवाद

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ(निस.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल रतनगढ़ की संगठन पर्व की कार्यशाला शनिवार को भाजपा कार्यालय में शहर मण्डल सयोंजक महेश सैनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।कार्यशाला के शुभारंभ में अतिथियों की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित एवम पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन पर्व सहयोगी विक्रम सिंह कोटवाद ने कहा प्राथमिक सदस्यता अभियान में चूरू जिले ने शानदार प्रदर्शन किया है, इसमे रतनगढ़ शहर मण्डल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है अब सक्रीय सदस्यता अभियान के निमित्त बूथ से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ताओं को अपने रेफरल कोड से कम से कम 50 सदस्य बनाने आवश्यक है। ये कार्य कार्यकर्ताओं के लिए कोई बड़ा लक्ष्य नही है। कोटवाद ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओ को सक्रिय सदस्य अभियान को सफल बनाने के लिए जी जान जुटना है। भाजपा चूरू दक्षिण शहर मण्डल के अध्यक्ष दीनदयाल सैनी ने बताया कि संगठन पर्व को सफल बनाने के लिए सभी को सामूहिकता के साथ कार्य करना होगा तभी सफलता पूर्वक संगठन पर्व को सफलतापूर्वक मना सकेंगे।शहर मण्डल सयोंजक महेश सैनी ने सभी को सदस्यता अभियान में पूर्ण मनोयोग से जुटने का आह्वान किया व कार्यशाला को सफल बनाने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कार्यशाला को वरिष्ठ नेता अर्जुनसिंह फांसा, शिवभगवान कम्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन दीपक मुरारका ने किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशन लाल घोड़ेला, कन्हैया लाल चौमाल, निरंजन रूंथला, सुभाष भूण, दुर्गादत्त गोयनका, ओम महर्षि, राधेश्याम रांकावत, भंवरलाल टेलर, पवन महर्षि, स्वरूप सिंह, बाजरंग लाल लुहानिवाल, निखिल इन्दोरिया, रामदेव चंदनिया, पृथ्वी सिंह, साबिर गौरी, धनराज सैनी, सलीम खान, गिरीश शर्मा, रामअवतार दायमा, जगदेव सांखोलिया, महेंद्र उपाध्याय, सुशील इन्दोरिया, विक्रम सिंह, उमाशंकर शर्मा, झुमरमल भार्गव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शीला गोगामेड़ी ने अनावरण कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस.)।** पुराना बस स्टेण्ड के पास श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिला कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने प्रेस वार्ता में बताया कि हनुमानगढ जिले की नोहर तहसील के गोगामेड़ी में सुबह 11 बजे 5 दिसंबर को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी आदमकद मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला गोगामेड़ी ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मूर्ति 8 फीट उंची लगाई जाएगी। मूर्ति अष्टधातु से बनी हुई है। अनावरण कार्यक्रम का आयोजन सर्वसमाज आप और हम की ओर से किया जा रहा है। इस मौके पर अनावरण कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सर्व समाज व कार्यकारी अध्यक्ष शीला गोगामेड़ी ने किया। कार्यक्रम में श्रीराष्ट्रीय राजपुत करणी सेना के जिला ध्यक्ष प्रदीप सिंह ढाढर के नेतृत्व में सेना के पदाड़धिकारियों ने कार्यकारी अध्यक्ष गोगामेड़ी का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह मठौडी, जगमाल सिंह शेखावत, समुद्र सिंह लादड़िया, नरेंद्र सिंह बीनासर, नरेश सिंह, कुलदीप सिंह, राहुल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अजय सिंह रिड़ख़ला, तेजदान चारण, भरतदान चारण, संपत सिंह रायपुरिया, विक्रम सिंह श्यामपुरा, तेजपाल सिंह निर्वाण, कपिल रक्षक, राकेश कुमार, समीर ख़ान, आदित्य सिंह, प्रदीप सिंह लादडीया, उज्जवल सिंह, दीपेंद्र सिंह खारिया, करणी सेना कार्यकर्ता व सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

नेचुरल हिस्ट्री फॉसिल्स म्यूजियम दौरा

## वैज्ञानिक तथ्यों ने बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाया

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ(निस.)।** शहर के समीप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूवां में एसयूपीडब्ल्यू कैंप 19 नवंबर से 23 नवंबर तक चला जिसमें विद्यालय की साफ सफाई, वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्र कला, साज सज्जा, खेलकूद प्रतियोगिता हुई। जिसमें आल ओवर कक्षा 6 प्रथम स्थान पर रही। शिविर प्रभारी अशोक आलड़िया ने बताया कि प्रथम स्थान पर रही कक्षा 6 के छात्रों व कक्षा अध्यापक दिनेश चोटिया ने नेचुरल हिस्ट्री फॉसिल्स म्यूजियम का दौरा किया। इस शैक्षणिक यात्रा में छात्रों को फॉसिल्स (जीवाश्म) और उनके महत्व के बारे में गहराई से समझने का मौका मिला। दौरे में शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। दिनेश चोटिया बलबीर सिंह थोरी अशोक आलड़िया और नीलेश इंदौरिया ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। म्यूजियम में प्रदर्शित जीवाश्मों की जानकारी और वैज्ञानिक तथ्यों ने बच्चों की जिज्ञासा को और भी बढ़ाया। छात्रों ने वहां प्राचीन जीवों के अवशेषों, पत्थरों में संरक्षित पौधों और जीवाश्म के निर्माण प्रक्रिया को समझा। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी सीखा कि ये जीवाश्म पृथ्वी के इतिहास और प्राकृतिक परिवर्तनों को समझने में कैसे मदद करते हैं। सभी बच्चों ने उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। यह यात्रा न केवल ज्ञानवर्धक थी, बल्कि उनके लिए भविष्य के लिए प्रेरणादायक भी साबित हुई। शिक्षकों ने बच्चों को प्राकृतिक इतिहास के महत्व को समझाने का शानदार प्रयास किया। इस दौरे ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया।

## भामाशाह के सहयोग से विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



**रतनगढ(निस.)।** श्री देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटड़िया के 51 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। भामाशाह हेमचंद व भरत कोठारी के आतिथ्य में कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी, उपाध्यक्ष सीताराम जांगिड़, रतनलाल बारूपाल, भगवानाराम, शंभू दान चारण, भंवरलाल सुथार मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान राजकुमार जांगिड़ ने की। संस्था प्रधान ने बताया कि मानव सेवा ही सर्वोत्तम सेवा है और सेवा का अवसर परमात्मा की कृपा से मिलता है। प्रधान ने आगंतुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अध्यापक शिवप्रकाश, वेद प्रकाश निमडिया, विपिन बिहारी शर्मा, राकेश कुमार रतनलाल, आनंदी शर्मा, कुमाराम जोशी, भगवानराम नाई, चुन्नीलाल सुथार सहित कई नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त-समाचार

## सातड़ा जीएसएस पर किसानों का धरना प्रदर्शन कल

-भाकपा तहसील कमेटी का 24 वां सम्मेलन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी चूरू का 24 वां तहसील सम्मेलन शनिवार को शिक्षक भवन में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी कामरेड छगनलाल चौधरी रहे। तहसील सचिव दीपाराम प्रजापत ने झंडारोहण किया। इस दौरान किसानों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। तहसील कमेटी सदस्य एडवोकेट इंद्राज सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रिपोर्ट पर बहस में 10 साथियों ने हिस्सा लेकर अपने सुझाव दिए। बहस का जवाब इंद्राज सिंह ने दिया। इस अवसर पर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें दीपाराम को दूसरी बार तहसील सचिव बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कामरेड छगनलाल चौधरी ने बताया कि दुनिया में दो वर्ग है। पूंजीवादी वर्ग में कसेरा वर्ग पूंजीवादी वर्ग का राज पर कब्जा है। अखबार टीवी अन्य साधनों पर पूंजीपतियों का कब्जा है। इसी प्रचार-प्रसार से यह लोग चुनाव लड़ते हैं और राज पर कब्जा करते हैं, पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। आगामी 25 नवंबर को सातड़ा जीएसएस पर किसानों का धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर इंद्राज सिंह, दीपाराम, मीरजामल, रंजीत कुमार, शुभकरण, बेगाराम मील, हरचंद कड़वासरा, करणीसिंह, राम प्रजापत, गुमानाम मांझू आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के राजेंद्र भांबू 42848 मतों से जीते



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)।** झुंझुनू विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शनिवार को सेठ मोतीलाल कॉलेज में संपन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि भाजपा के राजेंद्र भांबू को 90425 मत मिले। वही उनके निकटवर्ती कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला को 47577 मत मिले। भाजपा के राजेंद्र भांबू को 42848 मतों से जीत हासिल हुई। उन्होंने बताया कि निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र सिंह गुढ़ा को 38751, आजाद समाज पार्टी के आमीन को 2043, राष्ट्रीय मंगलम पार्टी की मधु मोरारका को 265, निर्दलीय प्रत्याशी अमित को 144, निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार को 123, निर्दलीय प्रत्याशी अलतीफ को 77, निर्दलीय प्रत्याशी कैलाश दास महाराज को 159, निर्दलीय प्रत्याशी दान सिंह शेखावत को 1286, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी निशा कंवर को 425 मत मिले। वही नोटा पर 1365 मत प्राप्त हुवे। मतगणना के दौरान सामान्य ऑब्जर्वर सदा भार्गवी आईएएस भी मौजूद रहीं। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी भी मतगणना केन्द्र में मौजूद रहे।

## भाजपा-एनडीए गठबंधन की विजय विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि को समर्पित : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस.)** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में हुए विधानसभा-लोकसभा चुनाव, उप-चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक शुभकामनाएं व समस्त समर्पित कार्यकर्ताओं को आत्मीय बधाई दी है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी नीतियों, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि को समर्पित यह जीत जनता की विश्वासरूपी मुहर है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि भाजपा को पुनः सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए समस्त देश-प्रदेशवासियों का आत्मीय अभिनंदन। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की देवतुल्य जनता ने विधानसभा उप-चुनाव 2024 में पुनः भाजपा की डबल इंजन सरकार भरोसा कायम रखते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। यह विजय हमारे काम, हमारी मेहनत और हमारी नीतियों पर जनता के अपार आशीर्वाद की परिचायक है। इस उप-चुनाव में जनता ने उस मिथक को भी तोड़ा कि भाजपा का राजस्थान की सरकार में रहते हुए उप-चुनाव जीतना मुश्किल होता है। कर्नल राज्वाधन ने कहा कि राजस्थान को देश का सबसे विकसित व अग्रणी राज्य बनाने के लिए हम कृत- संकल्पित हैं। यह जीत जनता के विश्वास का स्पष्ट संकेत है। जनता ने डबल इंजन भाजपा सरकार की नीतियों का समर्थन किया है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के सफल क्रियान्वयन से लोगों को लाभ मिला है। यह जीत उसी सफलता का प्रतीक है। यह राष्ट्रवाद की विजय है। ये विरासत और विकास की विजय है। भाजपा ने देश के लोगों का भरोसा जीतने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं को भाजपा सरकार ने जन-जन तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है।

# प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेशवासियों को मिलेंगी सौगात : पटेल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य, विधि परामर्शी कार्यालय व न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल चूरू आए। मंत्री पटेल शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए और जिले में विकास गतिविधियों से के बारे में जानकारी ली। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेशवासियों को बेहतरीन सौगात मिलेगी। युवाओं को रोजगार क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरा जाएगा। प्रदेश सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित है। हम सरकारी विभागों में कामकाज की गति को तीव्र करने के उद्देश्य से सहायक कर्मचारी व ड्राइवर की भर्ती कर रहे हैं। सरकार का पूर्ण प्रयास रहेगा कि मार्च तक सभी विभागों में सहायक कर्मचारी एवं ड्राइवर पदस्थापित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाए। सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक व्यक्ति तक विकास की राह आसान हो और लाभान्वितों से सकारात्मक फीडबैक सामने आएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शासन - प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि आमजन को सुलभ सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता से काम करें। विधायक हरलाल सहारण ने चूरू विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में रूबरू करवाया। इस अवसर पर विधायक हरलाल



सहारण, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, वासुदेव चावला, ओम सारस्वत, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी सहित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल का स्वागत व अभिनंदन किया।

### जिला प्रशासन की गतिविधियों की ली जानकारी

मंत्री पटेल के शुक्रवार रात को चूरू पहुंचने पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, तहसीलदार अशोक गोरा व एपीआरओ मनीष कुमार ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पटेल ने चूरू जिले में पेयजल समस्या, कानून व सुरक्षा व्यवस्था, विभागीय गतिविधियों, राजस्व प्रकरणों, जिलेवासियों की आजीविका, रोजगार व आय के स्रोत तथा आमजन की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर सुराणा ने जिला प्रशासन की गतिविधियों, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति और प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला प्रशासन की तैयारियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन प्रदेश सरकार की मंशानुरूप आमजन को सुविधाओं का समुचित लाभ मुहैया करवाने के लिए मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। टीम के बेहतर सामंजस्य के साथ जिलेवासियों को सभी सेक्टरों में बेहतरीन सुविधाओं उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य सरकार के निर्णयों एवं योजनाओं को जिले की जनता तक शत प्रतिशत क्रियान्वित करते हुए लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार अशोक गोरा ने राजस्व व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## 21 साल बाद बीजेपी की जीत का परचम लहराया




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)।** राजस्थान में सात सीटों पर हुए मतदान के बाद शनिवार को वोटों की गिनती में झुंझुनूं से बीजेपी को पहली जीत मिली है। यहां ईवीएम के लिए 12 टेबल लगाई गई थी। हर राउंड में 12 बूथ की ईवीएम के मतों की गिनती हुई। 22 वें राउंड के बाद बीजेपी के राजेन्द्र भांबू जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के अमित ओला को भारी मतो से हराया है। ऐसे में यहां ओला परिवार का गढ़ ढ़ह गया है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र गुढ़ा तीसरे स्थान पर रहे। झुंझुनूं में भाजपा ने अपनी जीत का परचम फहरा दिया है। झुंझुनू से भाजपा के राजेंद्र भांबू ने भारी मतों से जीत हासिल कर ली है। बता दें कि 23वें राउंड के बाद बीजेपी के राजेन्द्र भांबू जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के अमित ओला को भारी मतो से हराया है। ऐसे में यहां ओला परिवार का गढ़ ढ़ह गया है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र गुढ़ा तीसरे स्थान पर रहे।

### झुंझुनूं में 21 साल बाद खिला कमल

झुंझुनूं सीट कांग्रेस हार गई है। 21 साल बाद पार्टी ने यहां हार का स्वाद चखा है। इससे पहले 2003 में सुमित्रा सिंह यहां से जीती थीं। इसके बाद से यह सीट कांग्रेस के कब्जे में है।

## जीत पर जताई भाजपा नेताओं ने खुशी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी व गठबंधन की ओर से महाराष्ट्र में ऐतिहासिक जीत राजस्थान में उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से भजनलाल सरकार के पक्ष में समर्थन के रूप में 5 सीटों पर ऐतिहासिक जीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। गांधी चौक में भाजपा मंडल अध्यक्ष भागीरथ करवा के नेतृत्व में आतिशबाजी करके सभी कार्यकर्ताओं ने आपस में जीत की बधाई दी और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। कार्यक्रम में महामंत्री प्रकाश भार्गव, तनसुख प्रजापत, आईटी सेल संयोजक मुरारी खण्डेलवाल, कार्यालय प्रभारी अमर चन्द सेन, मनोज दाधीच, हिमांशु भाटी, सुभाष पारीक, अभिषेक छापरवाल, भैराराम प्रजापत, भरत सेन, प्रहलाद माटोलिया, रामकिशन सारस्वत, हुकमदास स्वामी, लक्ष्मण सिंह, पवन पारीक, धीरज चारण, शंकर चारण आदि मौजूद रहे।

## गांवों की ओरल कहानियों को डॉक्यूमेंट रूप में तैयार करें : सुराणा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्टर कक्ष में चूरू नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, आरआई ओम प्रकाश, पुरातत्व से जुड़ाव रखने वाली श्रुति नड्डा पोद्दार के साथ बैठक कर जिले का पुरातत्व संग्रह तैयार करने को लेकर चर्चा की। सुराणा ने कहा कि जिले के गांवों से जुड़ी ओरल कहानियां को डॉक्यूमेंट के रूप में सहेजें। इसके लिए गांव ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित किंवदंतियों, दृष्टांतों और लोक कथाओं व लोक गाथाओं का सहयोग लें। इसी प्रकार पुरातत्व अध्ययनों में जिले की समृद्धि विरासत को सहेजा गया है। इन अध्ययनों से सहयोग लेते हुए जिले की इस समृद्ध विरासत को एकजुट करते हुए जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को एक दस्तावेज रूप में तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि चूरू कस्बे से कहानियों को सहेजना शुरू करें। इसके लिए अपेक्षित जन सहयोग लें और मिलकर फलदायक दस्तावेज दें। यह जिले के इतिहास को इंगित करता हुआ दस्तावेज हो। सुराणा ने कहा विरासत व ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हो तथा उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का समुचित दस्तावेज तैयार हो। इसी के साथ हेरिटेज वॉक पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना अपेक्षित है। हम अपनी हवेलियों, मंदिरों, जोहड़ों सहित ऐतिहासिक विरासतों को सहेजने के लिए प्रयास करें।

# विदेशी पर्यटकों को भी भाया इंडियन मेकअप

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)।** शादी ब्याह व त्योहारी सीजन महिलाओं के लिए काफी खास रहता है, इन दिनो महिलाएं सजती-संवरती हैं। इस मौके पर जहां कई महिलाएं ने अपने घरों में उबटन लगाकर तो कई ब्यूटी पार्लर जाकर अपना रूप निखरवाती दिखीं। वहीं, मण्डावा में विदेशी महिला पर्यटकों ने भी सुभाष चौक स्थित राधा - रानी ब्यूटी पार्लर में जाकर श्रृंगार किया। दुल्हन की वेशभूषा, ज्वेलरी और मेकअप विदेशी महिला पर्यटकों को खूब लुभाता है। यही कारण है कि भारतीय महिलाओं को देखकर मण्डावा में विदेशी महिलाओं ने भी दुल्हन के रूप में श्रृंगार किया। सौंदर्य प्रसाधनों की जमकर खरीदारी



की। इस मौके पर कई महिलाओं ने जहां पारंपरिक तरीके से उबटन का उपयोग किया तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में महिलाएं राधा रानी ब्यूटी पॉर्लर की संचालक सरीता के पास गई। खासकर युवा पीढी में यह क्रेज सबसे ज्यादा देखने को मिला है। मण्डावा आने वाली विदेशी महिला पर्यटकों को यहां की लोक संस्कृति काफी लुभाती है। खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाओं की ज्वेलरी और उनका पहनावा उन्हें काफी अच्छा लगता है। इन दिनो मण्डावा में ब्यूटी पार्लर पर विदेशी पर्यटक फ्रांस की पर्यटक एनाली बताती हैं कि भारतीय दुल्हन जैसा पहनावा मैंने पहली बार पहना है, मुझे एक राजकुमारी होने का अहसास हो रहा है। यह मेरे लिए काफी स्पेशल है। उन्होंने कहा कि ''मेरी प्रार्थना है कि सब जगह भाईचारा और शांति हो।'' फ्रांस की पर्यटक ने कहा कि भारतीय परंपराए, त्यौहार और उत्सव अच्छे लगते हैं। वहीं, ब्यूटी पार्लर संचालक सरिता ने बताया कि ब्यूटी पार्लर पर सुबह से शाम तक सजने और संवरने के लिए महिलाएं आती हैं। इसे देखकर विदेशी महिला पर्यटक ने भी दुल्हन का मेकअप करने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि विदेशी महिला पर्यटक के एचडी मेकअप किया गया है। भारतीय दुल्हन के परिवेश में विदेशी महिला काफी खुश है। मण्डावा में ब्यूटी पार्लर पर विदेशी पर्यटकों ने भी अपना रूप निखारा। इनमें से कुछ विदेशी महिला पर्यटकों ने दुल्हन का मेकअप करवाया। भारतीय दुल्हन के परिवेश और ज्वेलरी में विदेशी महिला पर्यटक काफी खुश नजर आई।

ऊंटपालक संवाद के तहत किसानों को किया जागरूक

- ऊंटनी का दूध सभी जानवरों के दूध से होता है ताकतवर

# पशुपालन विभाग ऊंटनी के दूध से तैयार करेगा आइसक्रीम व दही : जिला कलेक्टर

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** सरस डेयरी के सहयोग से पशुपालन विभाग अब ऊंटनी के दूध से आइसक्रीम, दही सहित अन्य उत्पाद तैयार करवाने के मकसद से शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय ऊंटपालक संवाद का आयोजन किया। ऊंटपालक संवाद कार्यक्रम गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दुगड़ की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने ऊंट पालकों किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि ऊंटनी का दूध पौष्टिक व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला माना जाता है। दूध व इससे बने उत्पादों का उपयोग जन स्वास्थ्य के लिए भी काफी कारगर होता है। ऊंटनी के दूध से दही जमना मुश्किल होता है। लेकिन नई तकनीक का उपयोग कर दही जमा लिया जाता है तो वह बहुत पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है।



किसानों को दही जमाने की तकनीक बताई जाएगी। विभिन्न शोध के अनुसार ऊंटनी के दूध से रोगों की रोकथाम में महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। बीकानेर ऊंट अनुसुधान केंद्र के डॉ काशीनाथ ने किसानों से कहा कि यह के दूध का सेवन करने से शरीर को बहुत ही जबरदस्त फायदे है। उन्होने कहा कि आम जिन्दगी में गाय भेंस के दूध का सेवन किया जाता है लेकिन ऊंटनी के दूध का सेवन बहुत ही कम लोगों ने किया होगा। ऊंटनी का दूध सभी जानवरों के दूध से ताकतवर होता है इसलिए इसे सफेद सोना कहा जाता है। ऊंटनी के दूध का प्रतिदिन सेवन करने वाले बच्चों का मस्तिष्क सामान्य बच्चों की तुलना में काफी तेजी से विकसित होता है। इतना ही नहीं उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी सामान्य मनुष्य से काफी तेज होती है। ऊंटनी का दूध कैल्शियम का बहुत बड़ा स्रोत है। इसके सेवन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसमें पाया जाने वाला लेक्टोफेरिन नामक तत्व कैंसर से भी लड़ने में सहायता करता है। इस दूध के सेवन से रक्त से टॉक्सिन्स भी दूर होते हैं और जिससे लिवर सही रहता है शरीर में आई कमजोरी को दूर करता है। ऊंटनी का दूध बहुत जल्द पचता है इस दूध में दुग्ध शर्करा, प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, शुगर, फाइबर, लैक्टिक अम्ल, आयरन, मैग्निशियम, विटामिन ए, विटामिन ई, विटामिन बी 2, विटामिन सी, सोडियम, फास्फोरस, पोटेशियम, जिंक, कॉपर, मैग्नीज आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह तत्व शरीर को सुंदर और स्वस्थ बनाते हैं। ऊंटनी का दूध डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। ऊंटनी के एक लीटर दूध में 52 यूनिट इंसुलिन मोजूद होती है जो कि अन्य पशुओं के दूध में पाई जाने वाली इंसुलिन से दुगनी होती है। इंसुलिन शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बड़ा देती है। रोगों में राहत देने के अलावा ऊंटनी का दूध का सेवन त्वचा और चेहरे में भी निखार लाता है। ऊंटनी के दूध में अल्फा हाइड्रोक्सिल अम्ल पोषक तत्व होता है जो त्वचा को ग्लो देता है। यही कारण है कि ऊंटनी के दूध का इस्तेमाल सौंदर्य संबंधी प्रोडक्ट तैयार करने में भी किया जाता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया ऊंट पालन को प्रोत्साहन देने व ऊंट पालकों की आय बढ़ाने के लिए इस तरह की कार्य योजना तैयार कर काम करने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निरंजन चिरानिया ने बताया कि ऊंटनी का दूध पौष्टिक व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने वाला माना जाता है। दूध व इससे बने उत्पादों का उपयोग जन स्वास्थ्य के लिए भी काफी कारगर होता है। ऊंटनी के दूध से दही जमना मुश्किल होता है। लेकिन नई तकनीक का उपयोग कर दही जमा लिया जाता है तो वह बहुत पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। किसानों को दही जमाने की तकनीक बताई जाएगी। विभिन्न शोध के अनुसार ऊंटनी के दूध से रोगों की रोकथाम में महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कार्यशाला में ऊंटपालकों को ऊंटनी के दूध के रखरखाव और इससे बनने वाले उत्पादों को बनाने व उसको बेचने के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिले में वर्ष 2019 की गणना के अनुसार 19551 ऊंट हैं। एक ऊंटनी से प्रतिदिन दो-तीन लीटर दूध कर सकते हैं। एक ऊंटनी से एक दिन में 2-3 लीटर दूध का संकलन किया जा सकता है। ऊंटनी को उचित पोषण देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। दूध को डेयरी की ओर से संचालित स्थानीय दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति या दुग्ध संग्रहण केंद्र के जरिए वैज्ञानिक विधि से संग्रहित कर सरदारशहर डेयरी चीलिंग प्लांट में एकत्र किया जाएगा। यहां से प्रोसेसिंग के बाद संबंधित विपणन एजेंसी या अस्पतालों को भेजा जाएगा। अतिरिक्त दूध का संकलन चूरू जिला डेयरी संघ सरदारशहर के जरिए किया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।